# सामाजिक समाचार

**श्री भंवरलाल जी गुगरिया जांगिड (सुथार) परिवार द्वारा आयोजित ग्राम दुदौड़ में ''नानी बाई रो मायरो'' के भव्य समारोह का आयोजन सम्पन्न**

पाली जिले के ग्राम दुदौड़ की पावन धरा पर तीन दिवसीय (15, 16, 17 मई, 2019) को ''नानी बाई रो मायरो'' का भव्यतम् सफलतम् आयोजन समस्त ग्रामवासी व श्री भंवरलाल गुगरिया, प्रताप जी, अशोक जी, प्रकाश जी, निर्मल जी एवं समस्त गुगरिया परिवार की ओर से निर्मित बाबा रामदेव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं समाधि का ग्यारहवां वार्षिक सम्मेलन तुलसी पूजा, पीपल पूजा व भजन संध्या का यह धार्मिक आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया गया। नानी बाई रो मायरो देश-विदेश की सुप्रसिद्ध कथा वाचक सुश्री जया किशोरी जी के मुखारविंद से इसकी तीन दिवसीय कथा का वाचन हुआ, जिसका लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं व भक्तों ने प्रतिदिन श्रवण कर अपने आपको धन्य बनाया।

श्री भंवरलाल जी गुगरिया परिवार द्वारा निर्मित बाबा रामदेव जी मंदिर की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर समाधि वाले देव श्री रामाजी सुथार व पितृ देव मंगलाराम जी सुथार की दिव्य कृपा से स्व. माताजी श्रीमती देवी बाई व स्व. पिता श्री सोनाराम जी (सुथार) गुगरिया की पावन स्मृति में यह आयोजन किया गया। आयोजन को इतनी भव्यता प्रदान की गई कि जितने भी भक्त, श्रद्धालु कथा श्रवण करने गए वे आश्चर्य चकित रह गए। आयोजन की व्यवस्था एक छोटे से ग्राम दुदौड़ में इतनी भव्य थी जिसमें एक विशालतम् पाण्डाल (डॉम) कथा हेतु बनाया गया। दो विशाल डॉम भोजन प्रसादी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं के लिए पुरुषों व महिलाओं के अलग-अलग बनाए गए। एक पाण्डाल विशिष्ठ अतिथियों के लिए बनाया गया। तीनों दिन नाश्ता, भोजन प्रसादी एवं शाम का भोजन की पूर्ण व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी में शीतल जल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, कूलरों की समुचित व्यवस्था, व्यवस्था बनाए रखने के लिए 150 होमगार्ड, फायर बिग्रेड व्यवस्था, चल शौचालय व्यवस्था, बाहर से पधारने वाले अतिथियों के लिए ठहरने की सुव्यवस्था की गई। कथा श्रवण हेतु श्रद्धालुओं के आस-पास से आने-जाने वालों के लिए बसों की पृथक व्यवस्था इत्यादि रही।

श्री भंवर लाल जी गुगरिया परिवार को ग्राम दुदौड़ की 36 कौम का सम्पूर्ण योगदान इसलिए रहा कि वे स्वयं बहुत उदारवान व धर्म कर्म के प्रति आसक्त हैं। उन्होंने यह कार्यक्रम स्वयं ने ही किया, लेकिन आपने पहले समस्त ग्रामवासियों, पंचायत को आगे रखा और इस प्रकार पूरा ग्राम आस-पास के लोगों का पूरा समर्थन आपको मिला। आपकी कार्यशैली किसी भी आयोजन में बिल्कुल निराली रहती है। आप पहले बारीकी से उस आयोजन के लिए ग्राउण्ड रिपोर्ट तैयार करते हैं तब जाकर इसे क्रियान्वित करने पर आयोजन सफल होता है। इससे पूर्व में भी आपके सान्निध्य में बैंग्लौर में विश्वकर्मा मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का विशाल आयोजन हुआ था, वह भी भव्य आयोजन हुआ जो पूर्ण तथा अनुशासन युक्त एवं सुव्यवस्थित रहा था।

ग्राम दुदौड़ के इस आयोजन में सैंकड़ों संत-महात्माओं ने भी उपस्थित होकर आशीर्वाद प्रदान किया। सम्पूर्ण देश से इस आयोजन में राजनेताओं, अतिथियों, सगे-संबंधियों सहित हजारों लोगों की उपस्थिति रही।

15 मई, 2019 को प्रात: 6 बजे पंडित श्री निरंजन जी स्वामी व पंडितों के करकमलों द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम की पूजा प्रारंभ की गई।

कलश यात्रा प्रात: 7.30 बजे प्रारंभ हुई, जिसमें लगभग 251 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर दुदौड़ सीखी बढेर मंदिर से प्रारम्भ होकर ग्राम के मुख्य मार्गों से भ्रमण करते हुए गाजे-बाजे एवं लवाजमों के साथ कथा स्थल पर पहुँची। बहुत ही रमणिय दृश्य था, सभी महिलाएं एक ही रंग की साड़ी में आई, पंथ के धर्म गुरु परम पूजनीय श्री माधव सिंह दिवान जी सुसज्जित बग्गी में विराजे तथा महंत प्रतापुरी जी महाराज मठाधीश तारातरा मठ, बाड़मेर, व्यासपीठ समलंकृत कथा व्यास महाराज श्री कैलाश चन्द्र जोशी के सान्निध्य में बग्गी में सवार तथा एक बग्गी में गुगरिया परिवार भी कलश यात्रा के दौरान शोभायमान हो जिसमें हजारों लोगों ने कलश यात्रा में भाग लेकर कार्यक्रम को अति मनमोहक बना दिया।

कथा स्थल पर दीप प्रज्वलन प्रसिद्ध कथा वाचक सुश्री जया किशोरी जी, महाराज कैलाश चन्द्र जी जोशी, श्री प्रतापपुरी जी महाराज एवं श्री माधव सिंह दिवान जी के करकमलों द्वारा किया गया, जिसमें सभी गुगरिया परिवार का सहयोग रहा।

महाराज जी व सभी का तिलक कर, मोतियों की माला पहनाकर, साफा पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया, सभी को प्रतीक चिह्न भी गुगरिया परिवार द्वारा प्रदान किया गया। कथा वाचक सुश्री जया किशोरी जी का सम्मान किशोर कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनिता जी द्वारा किया गया।

प्रतापपुरी जी महाराज, कैलाश चन्द्र जी एवं माधव सिंह जी दिवान द्वारा उद्बोधन हुआ एवं आशीर्वचन हुए। पहले ही दिन विशाल पाण्डाल भरा हुआ था तथा लगभग 10000 से अधिक की संख्या में श्रोतागणों की उपस्थिति रही। कथा प्रारंभ होने से पूर्व श्री भंवर लाल जी गुगरिया परिवार द्वारा आरती की गई। इसके उपरान्त कथावाचक जया किशोरी के मुखारविन्द से मधुरवाणी में संगीतमय नानी बाई रो मायरो की कथा प्रारंभ हुई और उन्होंने कहा कि-

नरसी का नाम सब जानते हैं। इनका जन्म गुजरात के शहर जूनागढ़ नागर ब्राह्मण परिवार में हुआ। ये जन्म से गूंगे व बहरे थे। माता-पिता महामारी में स्वर्ग सिधार गए। नरसी जी दादी के पास रहे। दादी उनको कीर्तन में लेकर जाती। वे जहाँ भी कोई सन्त, साधु, महाराज आते तो नरसी को साथ लेकर जाती। मेरा पोता है बोल नहीं सकता, सुन नहीं सकता महाराज ने नरसी को गोद में बैठा लिया और कहा ये तो बहुत बड़ा

भक्त बनेगा। उन्होंने कहा बोलो बेटा राधे कृष्ण, नरसी बोल उठा राधे कृष्ण ये चमत्कार हुआ। मीरा बाई भी छोटी उम्र में भक्त बन गई, करमा बाई ने भगवान को खिचड़ा खिला दिया, मुझे सांवरिया कब मिलेगा। नरसी का विवाह हुआ। कुछ दिन बाद में उनकी भाभी ने नरसी की पत्नी को तंग करना शुरू कर दिया। कभी प्रतिकार नहीं किया। नरसी को जंगल में लकड़ी लाने भेज दिया भाभी ने। वापस आते हुए कीर्तन में बैठ गए और शाम हो गई। भाभी ने डांटना शुरू किया। नरसी जी गौशाला में जाकर आनन्द से रहने लगे। नरसी भक्त को अपने कारण कोई विवाद नहीं होने दिया। एक दिन रात को नरसी जंगल पहुँचे वहाँ महादेव जी का मन्दिर मिला, 7 दिन तक भूखे-प्यासे वहीं भक्ति करने लगे। 8वें दिन प्रभु प्रकट हुए और उन्होंने नरसी जी को संमार्ग का रास्ता दिखाकर कृष्ण से मिलवाया। शंकर जी ने कहा जहाँ आप जाना चाहती हैं वहाँ मैं भी जाना चाहता हूँ। पार्वती जी ने कहा गोकुल में महारास है इसलिए मैं शृंगार कर वहाँ जा रही हूँ और अगर आपको साथ में चलना है तो गोपी बनकर तैयार हो जाओ। शंकर, पार्वती वहाँ पहुँचे। कृष्ण ने ऐसी बंशी बजाई कि शंकर भगवान सब सुद-बुद्ध भी भूल बैठे। महादेव जी कहते हैं नरसी आपको क्या सीख मिली। गोपी भाव है, तभी आप भगवान के दर्शन कर पाते हैं। आपमें गोपियां वाले भाव होना चाहिए। मेरे मन में तीव्र इच्छा हुई। तो महादेव जी ने आँख बंद कराई व ऐसी लीला की कि वह रासलीला में पहुँचे। जिस भक्त पर राधा-रानी की भी कृपा दृष्टि होते ही नरसी जी का मशाल से जो हाथ जला था वह ठीक हो गया। इन्होंने कहा मुझे कुछ नहीं चाहिए बस कृष्ण-राधा चाहिए। मैं तो भक्त हूँ आपसे मिलाने के लिए यहाँ लाया हूँ, जाने से पहले नरसी जी को टोपी पहनाई। मैंने तुझे ठग लिया तुम मत ठगना, तुलसी की माला, केदार का राग भी भगवान ने उपहार स्वरूप दिया। जब भी तुम केदार का राग गाओगे मैं कहीं से भी तुम्हारे पास चला आऊंगा। नरसी जी वापस धरती पर आ गए। नरसी को कोई चिन्ता नहीं। उनकी चिन्ता भगवान ने की 12 पीढ़ियाँ बैठकर खाए इतना-इतना अन्न व धन, हवेली बड़ा चौक वाली नरसी को दे दिया। नरसी को अपनी बेटी नानी बाई का विवाह अन्जाम नगर में श्री रंग जी के घर में किया। बड़ी धूम से अच्छे परिवार में कर दिया। इसके बाद नानी बाई के बेटी हो गई। उसका रिश्ता भी पक्का हो गया। लेकिन नरसी जी को निमंत्रण नहीं दिया। उनकी पत्नी भी छोटी उम्र में स्वर्ग सिधार गई। 11-12वें दिन भोजन रखते हैं, पहले पूरा गाँव भोजन करता था। लेकिन नरसी ने विचार किया कुछ ब्राह्मणों को भोजन करा दूं। गाँव के कुछ व्यक्ति थे जो इसके विपरीत पूरे गाँव को भोजन कराने की जिद करने लगे। नरसी ने कहा मेरे पास कुछ है ही नहीं, तो उन लोगों को क्रोध आ गया कल पूरा गाँव व परिवार सहित भोजन करने पहुँच जाएगा। नरसी को चिन्ता हुई। चार-पाँच व्यक्ति चाय की दुकान पर बातें करने लगे कल बड़ा मजा आएगा। कुछ व्यक्ति 700 रु. लेकर जा रहे थे। कोई बड़ा सेठ है कि इस गाँव में जो हमें हुण्डी लिखकर दे। उन लोगों ने कहा हाँ है एक नरसी मेहता। वे वहाँ पहुँचे और 700 रु. की द्वारका की हुण्डी लिखने के लिए कहा। अब आप उसके पास जाकर कहना कि आप बड़े सेठ है, आप हुण्डी लिख दो और नरसी के चरणों को पकड़ लिया। आखिर 700 रु. लेकर सांवल का सेठ के नाम से हुण्डी लिख दी। सभी गाँववासियों को भोजन कराया और उन चार-पाँच आदमियों ने कहा उन लोगों को ठग लिया। नरसी भगवान बहुत परेशान थे, आखिर नरसी जी भगवान ने केदार का राग गाया। उधर वे व्यक्ति द्वारका में सांवल सेठ का पता कर वहाँ पहुँचे। उनको पूछा कैसे आप यहाँ आए उन्होंने कहा हमारी हुण्डी सिकारो, नरसी मेहता ने दी है। भगवान ने तुरंत उनको अपने अपने पास बिठाकर कहा, आप तो नरसी जी के यहाँ से आए हैं। उनका तो बड़ा काम है हजारों मुनीम बैठे हैं तो पूछा यह आपके है भगवान ने कहा नहीं ये मुनीम नरसी मेहता के हैं। मैं तो बस सेवक हूँ। उनको भोजन कराया और उनको भेज दिया वापस आकर उन्होंने नरसी जी के चरण पकड़ लिए और कहा सांवला सेठ तो बहुत नम्र सेठ हैं। तब नरसी ने कहा मेरी तो ठाकुर जी ने लाज रखी, लेकिन आपको तो साक्षात् भगवान ने दर्शन ही दे दिए।

15-5-2019 को अलग से रात्रि को भजन संध्या हुई और लगभग 5000 श्रोताओं ने कथा का आनन्द लिया।

तेजेश जी लुंजा अध्यक्ष, मनीराम जी लेखराव उपाध्यक्ष, पोलाराम जी बुढ़ड़ कोषाध्यक्ष, श्री श्याम लाल जी आसलिया सचिव, किरता राम जी छड़िया मिडिया प्रभारी, पूंजाराम जी कुलरिया कमेटी सदस्य, उदय किशन जी जोपालिया कमेटी सदस्य, रामदेव जी धामू युवा संघ अध्यक्ष, बालचन्द जी डाठाला सलाहकार, तगाराम जी लुंजा, त्रिलोकचन्द जी लुंजा, दलपतराम जी भुदड़, जेताराम जी भुदड, डॉ. ओमप्रकाश छड़िया, रूपाराम जी बुढ़ड़, बंशीलाल जी बुढ़ड़, ओमप्रकाश जी बुढ़ड़, नारायणराम जी नागल, हेमाराम जी जोपिंग, सवाई जी गेपाल, मूल जी कुलरिया, मानाराम जी छड़िया, श्री प्रदीप जी मांकड़ मुम्बई, चन्दन मल जी सिरयारि, श्री महावीर जी मारवाड़ जंक्शन, चम्पालाल पाली, जेठमल जी मुम्बई, अशोक अठवासिया जिलाध्यक्ष पाली, कन्हैयालाल आसलिया मेहता सिटी, श्री कपूर चन्द जी, श्री गिरधारी लाल जी, शंकर लाल किस्तुर जी गेपालिया बीसलपुर, रामरतन जी जोधपुर, श्री तुलसीराम जी दावनगिरी, श्री भंवरलाल जी पाली पूर्व जिलाध्यक्ष पाली, आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर।

सम्मानित करने वाले गुगरिया परिवार के सदस्य : श्री सुगनराज जी गुगरिया, श्री भंवरलाल जी गुगरिया, श्री बाबूलाल जी गुगरिया, श्री प्रताप मल जी गुगरिया, श्री मदनलाल जी गुगरिया, श्री पप्पूराम जी गुगरिया, श्री केवलचन्द जी, श्री अशोक कुमार जी, श्री माणक चन्द जी, श्री प्रकाश चन्द जी, श्री भरत कुमार जी, श्री निर्मल कुमार जी, श्री महेन्द्र कुमार जी, श्री किशोर कुमार जी, श्री दिलीप जी, श्री दीपांशु जी, श्री घीसू सिंह जी अध्यक्ष।

सम्मान : साफा, दुशाला, मोतियों की माला एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया।

दूसरे दिन की कथा सुश्री जया किशोरी जी के मुखारविन्द से प्रारंभ हुई। उधर नानी बाई की शादी का निमंत्रण पत्र लेकर जोशी जी जूनागढ़

पहुँचे। खाने-पीने का राम जी का नाम था। तुलसी की माला जपते व सालगराम जी की सेवा करते। नरसी जी पत्रिका बांचकर मगन हो गए, कहा आज समाज ने याद तो किया। नरसी जी ने अपनी पत्नी से कहा मायरा तो मेरा सांवलिया सेठ ही भरेगा।

मायरा भरने के लिए एक गाड़ी की तैयारी की उसका भी पहिया टूटा हुआ सा था, बैल भी ऐसे मिले जो सबसे कमजोर जैसे कुछ दिनों बाद ही मरने वाले। भाई-बंधों ने तो अपना जवाब दे दिया म्हारे भरोसे तो रहना मत। नरसी ने कहा हमें किसी की जरूरत नहीं है। भगवान का भरोसा है। ठाकुर जी का नाम लेकर कुछ तुम्बा-तामबी व कपड़े की पोट तथा 16 सूरिया (सूरदास) जी को साथ लेकर चल पड़े। गाँव से कोई मदद को नहीं आया, सब तमाशा देखने लगे। नरसी जी की गाड़ी का पहिया टूट गया, बैलों की हालत थी एक बैठ जाए तो दूसरा उठे, दूसरा उठे तो पहला बैठ जाए। संध्या हो गई। नरसी ने सांवल को याद किया और भगवान ने किशना खाती बनकर गाड़ी का पहिया ठीक किया। जैसे ही भगवान ने मजदूरी मांगी तो कहा मेरे पास तो कुछ नहीं बस मायरा भरने जा रहा हूँ उसके लिए भी कुछ नहीं है। भगवान ने उससे कहा कि मुझे भी साथ ले लो। थाली में रोकड़ा रुपए जो भी मेरे से बनेगा डाल दूंगा। नरसी जी ने साथ लिया। अपांर नगर पहुँचे। वहाँ उनके साथ जो व्यवहार हुआ, ऐसी जगह दी जो ठहरने लायक नहीं थी।

उस दिन कथा स्थल का पाण्डाल खचा-खच भरा हुआ था। लगभग 5 से 6 हजार तक की श्रोताओं की उपस्थिति रही। रात्रि को विशाल भजन संध्या (जागरण) श्री बाबा रामदेव जी का अमर भजन सम्राट स्व. श्री राम निवास राव के सुपुत्र गजेन्द्र राव एण्ड पार्टी जोधपुर द्वारा हुई, जिसमें श्रोताओं ने भरपूर आनन्द लिया।

16-5-2019 को श्री केसाराम जी चौधरी पूर्व विधायक मारवाड़ जंक्शन, श्री ओमप्रकाश जी जांगिड ईटा नगर, श्री झांझरिया हनुमान मित्र मण्डल अध्यक्ष, ताराचन्द जी माली, श्री अर्जुनराम जी माण्डण मुम्बई, श्री रामचन्द्र जी मुम्बई, श्री पुरुषोत्तम जी मुम्बई, श्री प्रेमाराम जी माकड मुम्बई, रामधन जी मुम्बई, श्री रघुवीर सिंह जी हाडा (ए.ई.एन.) मा. जंक्शन, श्री महोदव जी दवे मुंशी कोर्ट (से.नि. रीडर), ठाकुर साहब दुडौड़, श्री मोहन सिंह जी चांपावत, डॉ. घीसूलाल जी जयपालिया बीसलपुर (चाणौद), श्री घनश्याम जी चौधरी पंचायत समिति सदस्य, बंसती कंवर अध्यक्ष महिला मोर्चा मा. जंक्शन, श्री ओमप्रकाश जी खत्री ओम इलेक्ट्रिकल्स पाली, श्री जगदीश जी जांगिड अध्यक्ष जैतारण पट्टी, मदनलाल जी सुथार उपाध्यक्ष जैतारण पट्टी, राजेन्द्र जी सुथार सेलम कुशालपुरा, श्याम जी सुथार साडिया, गणपत जी सुथार पड़ामला, रामेश्वर लाल जांगिड पूर्व अध्यक्ष जैतारण पट्टी, उगमराज जी लाडवा, सम्पत जी जांगिड जैतारण, नथमल जी सोमरवाल पूर्व जिलाध्यक्ष पाली, राजेन्द्र प्रसाद जांगिड ब्यावर, दिनेश जी जांगिड (पायलट) ब्यावर, श्रवण जी बूढल डिगरना, कन्हैयालाल जी सोमरवाल अहमदाबाद, महेन्द्र जी छड़िया पाली जिला कलेक्टर गनमैन, शेपाराम जी पाखरवड़ पाली, मांगीलाल जी लूंजा श्री टिम्बर पाली, नारायण लाल जी बूढल पाली, बाबूलाल जी बूढल पाली, मिश्री लाल जी जोपिंग पाली, रामलाल जी दायमा पाली, मांगीलाल जी पाली, भंवर लाल जी बर, मोती जी सोमरवाल निगाडा, पन्नालाल जी कींजा बैंग्लुरु, श्याम जी कींजा जस नगर, सोहन जी सुथार भाकरवास, श्री पुखराज जी पाराशर ओ.एस.डी. मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, श्री विजय जी जांगिड पूर्व सचिव पी.सी.सी., श्री जगदीश जी सुथार मुम्बई, विशाल जी सुथार एडवोकेट जोधपुर, ओमप्रकाश जी खत्री पाली, मणी शंकर जी खत्री पाली, मुन्नाराम जी सुथार विगजासर, जेठाराम जी सुथार जोधपुर, सोहनलाल जी सोड, ज्योति स्वरूप जी धनेरवा, महेश जी माकड, दाऊलाल जी डोयल जोधपुर, सुमेर सिंह जी मा. जंक्शन, हीरालाल जी आसदेव फलौदी, अमराराम जी कुलरिया झरोड़ा, दीपाराम जी भदरेचा जैसलमेर, शंकर जी कुलरिया अरवाला, कमल जी आरादेव जोधपुर, महेश जी जोधपुर, चुन्नीलाल जी दायमा, मदन जी जोपिंग, बाबूलाल जी बुढल पाली, जगदीश जी बूढल जोधपुर, आर.सी. शर्मा सोजत सिटी, श्री विद्या सागर जांगिड वरिष्ठ उपप्रधान महासभा हरियाणा, श्री मनोहरलाल जी सह सम्पादक जांगिड ब्राह्मण पत्र, पन्नालाल जी कींजा, श्याम लाल जी कींजा, उगमराज कींजा, सज्जन राम जी कींजा, सम्पत राज कींजा, कानाराम मिली, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री हरि शंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री उदय किशन जी बैंग्लुरु, श्री नेमीचन्द जी गुगरिया पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुजरात, श्री ताऊ शेखावाटी (प्रसिद्ध कवि), श्री तुलसीराम जी कुलरिया जिलाध्यक्ष नागौर, श्री रामस्वरूप जी जयपुर, धर्मेन्द्र जी डेगाना, राधेश्याम जी पालड़िया, महेश जी कांगसिया, श्री कानाराम कुलरिया नागौर, श्री कल्याण जी जांगिड जयपुर, श्री सिरेमल कुलरिया बालोतरा, श्री रामपाल खण्डेला जोधपुर, श्री पुखराज जी उत्तम जोधपुर, श्री भींवराज जांगिड जोधपुर, श्री किशोर भदरेचा जोधपुर इत्यादि सहित अनेक गणमान्य मोजूद थे।

तीसरे दिन कथा प्रारंभ होने से पूर्व श्री स्वामी शिवात्मानन्द जी सरस्वती वेद वेदान्त चार राष्ट्र संघ, श्री आश्रम नंदी (कर्नाटक) द्वारा प्रवचन हुए, जिसमें आपने जीवन को किस प्रकार सफल बना सके उस पर आधारित सभी तथ्यों से अवगत करवाया। सुश्री जया किशोरी जी द्वारा व्यास पीठ का पूजन किया गया। परिवारजनों व सगे-संबंधियों एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आरती की गई। कथा प्रारंभ होने पर बताया कि-

नानी बाई ने कभी भी अपने पिता नरसी जी को नहीं देखा फिर भी उन्होंने धैर्य रखा। इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर भी जया किशोरी जी ने श्रद्धालुओं व श्रोताओं को एक संदेश भी दिया।

नानी बाई बहुत खुश थी आज पिताजी के दर्शन होंगे। इससे पूर्व वह जिज्ञासावश पानी भरने के बहाने घर से बाहर आ गई और एक आम्र पेड़ की छाया में बैठकर ऊपर बैठे तोते से पूछने लगी कि मेरे पिता के साथ और कौन आया है और तोता से संकेत मिले कि सांवरिया भी उनके साथ है तब तसल्ली हुई और घर आई।

मायरा भरने के लिए रूकमणी सहित सभी रानिया सांवरिया के

साथ आई। रूकमणी ने नानी बाई को हृदय से लगा लिया। 56 करोड़ का मायरा भरा गया, लेकिन सांवरिया जी को वहाँ बैठने के लिए भी आसन नहीं दिया तो धरती ही 9 गज ऊपर उठ गई जहाँ द्वारकाधीश विराजमान हुए। रीति-रिवाज के अनुसार मायरा भरा गया। परिवार वालों के अलावा गाँव वालों को भी मायरा में सम्मलित कर लिया। सभी को सुन्दर-सुन्दर महंगे-महंगे वस्त्र पहनाए गए। इस प्रकार नरसी मेहता जैसे भक्त का 56 करोड़ का सांवरिया ने भात भर दिया।

भगवान हमेशा सच्चे भक्त की पुकार पर दौड़े आते हैं। मीरा-बाई, करमा बाई आदि कितने उदाहरण हैं। एक और सच्ची घटना का भी जय किशोरी जी ने यहाँ वर्णन किया जो दिल्ली की है। एक लड़की प्रारंभ से ही भगवान की पूजा-अर्चना करती थी और प्रत्येक वर्ष हरिद्वार जाती थी। जब बड़ी हो गई तब भी और जब शादी हो गई तब भी तथा बच्चे हो गए तब भी हरिद्वार व सत्संग व सांवरिया की सेवा पूजा में ही लगी रहती। ऐसे होते-होते वृद्धा अवस्था आ गई। फिर भी हरिद्वार जाना नहीं छोड़ा। जब स्वास्थ्य खराब रहने लगा तब एक पीतल की सांवरिया की मूर्ति वहाँ से लेकर घर आ गई तथा तब से उस मूर्ति को ही भगवान का रूप मानकर अपने लल्ला की सेवा पूजा करने लगी। एक दिन वह बहुत बीमार हो गई, तब अपनी पुत्र वधु को लल्ला की सेवा करने को कहा। पुत्र वधु से मूर्ति हाथ से छूट गई और नीचे गिर गई। जैसे ही उस महिला को पता लगा तो चिल्लाने लगी। हाय लल्ला, मेरे लल्ला को क्या हो गया। पागलों जैसे हो गई, बिलाप करने लगी, सभी धैर्य रखने को कह रहे थे, लेकिन वो मानी नहीं। उसने कहा डॉक्टर को बुलाओ और इसको दिखाओ। बड़ी मुश्किल से कई गुना फीस देकर डॉक्टर को बुलाया और उसे समझाने की कोशिश की तेरा लल्ला ठीक है। फिर भी नहीं मानी, डॉक्टर झूंठ बोल रहा है, इसने कानो में लगाकर तो चैक ही नहीं किया। आखिर डॉक्टर फिर चैक करने लगा। डॉक्टर जैसे ही 'स्टेथिस्कोप'' को कानो में लगाकर चैक करने लगा तो डॉक्टर की स्थिति एकदम खराब हो गई वो हैरान रह गया कि इसकी नब्ज तो चल रही है। एका एक उसे समझ ही नहीं आया। कुछ देर उपरान्त उसे यह समझ में आ गया कि यह माजरा क्या है। उसने अपनी डॉक्टरी छोड़ी और महिला के पैर पड़ा तथा वह भी हरिद्वार में जाकर रहने लग गया।

यह सच्ची घटना है भक्त व भगवान की। सच्चे मन से आप यदि ईश्वर को याद करते हैं तो वह सदैव तत्पर रहता है, आपके लिए। ठीक वैसे ही रिश्ता नरसी जी व भगवान का रहा।

इस प्रकार कथामृत का श्रोताओं ने भरपूर आनन्द लिया और कथा सम्पूर्ण हुई। आरती हुई, लगभग 10000 श्रद्धालुओं व श्रोताओं ने कथा का पूर्ण लाभ अर्जित किया और ऐसी ऐतिहासिक कथा जो एक छोटे से ग्राम दुदौड़ में हुई कोई कल्पना भी नहीं कर सकता, इस तरह के आयोजन का।

इस अवसर पर उपस्थिति : श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा, श्री कैलाश चन्द्र बरनेला पूर्व प्रधान महासभा, श्री शंकर लाल कुलरिया उद्योगपति मुम्बई, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री श्रीगोपाल चोयल अध्यक्ष कल्याण कोष महासभा, श्री देवकिनन्दन नांगल उपप्रधान महासभा, श्री रमेश सीदड़ प्रवक्ता महासभा, श्री प्रभु जी बरनेला उपप्रधान महासभा, श्री सियाराम जांगिड (परीता) कार्यकारी अध्यक्ष हैदराबाद, श्री देवकरण जी, श्री घीसू लाल जी लीकड़ पूर्व जिलाध्यक्ष पाली, श्री नवीन शर्मा जयपुर अध्यक्ष क्रिकेट एसोसिएशन अजमेर, श्री रामजीलाल संगठन मंत्री महासभा, श्री पूनाराम जी बरनेला जोधपुर, श्री एम.डी. शर्मा आयुषी बिल्डर्स जोधपुर, श्री मोहनलाल जी जायलवाल जोधपुर, श्री प्रेमसुख शर्मा (इंजि.) जोधपुर, श्री जीवराज जी रालड़िया जोधपुर, श्री रणछोड़ जी जांगिड जोधपुर, श्री एन.के. दायमा जोधपुर इत्यादि की रही।

## तहसील सभा एवं श्री विश्वकर्मा महा मण्डल फागी के संयुक्त तत्वावधान में 45 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

18 मई, 2019 को तहसील सभा एवं श्री विश्वकर्मा महामण्डल फागी के संयुक्त तत्वावधान में जांगिड ब्राह्मण धर्मशाला श्री खेड़ा हनुमान जी, माधोराजपुरा, फागी में आयोजित तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

प्रात: वर-वधु एवं परिजनों का आगमन हुआ, वर शोभा यात्रा (निकासी) सभी घोड़ियों पर सवार होकर बैंड-बाजे के साथ नाचते-गाते हुई विवाह स्थल पहुँची।

समारोह का झण्डा रोहण श्री रूपनारायण जांगिड (रोड़वेज), महेश कुमार भिराणिया जयपुर ग्राम चैनपुरा वालों के कर कमलों से हुआ। मुख्य हवन कुण्ड के यजमान श्रीमती गलोल देवी एवं श्री जगदीश प्रसाद पेड़वाल निमेड़ा थे।

गणेश एवं विश्वकर्मा पूजा श्री राधेश्याम जी एवं श्री भंवरलाल पेड़वाल रामसिंहपुरा द्वारा किया गया।

तौरण एवं वरमाला की रस्म अदायगी की गई। इसके उपरान्त सभी वर-वधु पाणिग्रहण पाण्डाल में पहुँचे, जहाँ विद्वान पण्डितों द्वारा वैदिक मंत्रोचार द्वारा सभी वर-वधु का पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न करवाया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर द्वारा की गई।

मंचासीन अतिथियों में श्री बृजमोहन जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री बाबूलाल जी देवकिनन्दन पारीक पुजारी मन्दिर खेड़ा बालाजी, श्री हनुमान जी कोलाया कार्यकारी अध्यक्ष जिला सभा जयपुर, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, नवीन जांगिड अध्यक्ष अजमेर क्रिकेट एसोसिएशन, श्री बाबूलाल जी नागर पूर्व विधायक दूदू (फागी), श्री वेद प्रकाश सोलंकी विधायक चाकसू, श्री कैलाश जी जिला परिषद जयपुर, श्री नारायण जी बिडोली तह. अध्यक्ष निवाई, श्री महेश कुमार जी भरनी तह. अध्यक्ष टोंक, श्री लल्लूलाल जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष जमुवारामगढ़, श्री रामगोपाल जी तह. अध्यक्ष पीपलू, श्री धन्नालाल जांगिड पूर्व अध्यक्ष जां. समाज हस्तकला जयपुर, श्री राधेश्याम जी बासड़ा (निवाई), श्री ज्ञानचन्द बैरवा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, श्री हनुमान प्रसाद सीलक अध्यक्ष विश्वकर्मा महामण्डल फागी, श्री

रामलाल जी गोठवाल अध्यक्ष विश्वकर्मा महामण्डल डिग्गी, श्री पप्पू लाल जी देशमा, श्री गोपाल लाल रेवाड़िया पूर्व जिलाध्यक्ष टोंक, श्री दामोदर जी जांगिड तहसील अध्यक्ष फागी, श्री मोहन लाल जी अध्यक्ष (दूदू), श्री बाबूलाल जांगिड करेड़ा जिलाध्यक्ष टोंक, श्री लल्लूलाल सेदरिया पूर्व तह. अध्यक्ष निवाई, श्री कैलाश जी चैनपुरा, श्री कन्हैयालाल सिरस (निवाई), श्री रमेश जी रावत तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री जगदीश जी पूर्व सरपंच, श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड अध्यक्ष विकास समिति निवाई, श्री रमेश जी मित्रपुरा, श्री कन्हैयालाल जी हनुतिया (मंत्री), श्री ओमप्रकाश जी कचोलिया, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री दिनेश जी कड़वाणिया, श्री भगवान सहाय जी कड़वाणिया चुनाव अधिकारी जिलासभा, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री पी.एन. शर्मा (बी.एस.एन.एल.) जयपुर, श्री सत्यनारायण जांगिड, श्री रतनलाल हर्षवाल पूर्व तहसील अध्यक्ष दूद, श्री कैलाश जी हर्षवाल, श्री सत्यनारायण फारकिया पूर्व जिलाध्यक्ष अजमेर, श्री हनुमान सहाय कींजा अध्यक्ष जां. हस्तकला सेवा समिति जयपुर, श्री राजेश जी (महामंत्री), श्री मालीराम जी गुर्जर की थड़ी जयपुर, श्री घासी लाल जी (मास्टर जी) पूर्व तह. अध्यक्ष फागी, श्री सुरेश जांगिड अध्यक्ष जां.वि. सम्मेलन निवाई, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री पूरण जी थली, श्री बाबूलाल जी बरखेड़ा तहसील अध्यक्ष चाकसू, श्री सूरज जी कोटखावदा, श्री छीतरमल जांगिड डिडावता पूर्व महामंत्री तह. फागी, श्री मोहनलाल जी दतुली, श्री रमेश जी हनुतिया, श्री दामोदर जी पूर्व सरपंच, जगदीश जी संपतपुरा, श्री कैलाश जी अध्यक्ष जां. समाज मालपुरा, श्री रामनारायण जी ग्वाला, श्री बाबूलाल जांगिड (सुथड़ा), श्री विजयनारायण (मना जी) जयपुर, श्री रामअवतार जी पंवालिया, श्री नाथूलाल जांगिड गोनेर धर्मशाला, श्री रामस्वरूप जी कादेड़ा (चाकसू) आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर प्रधान समिति श्री घासीराम पेड़वाल, श्री भंवरलाल पेड़वाल उपप्रधान, श्री रामस्वरूप पेड़वाल निमेड़ा, श्री छीतरमल धाराणिया माधोराजपुरा, श्री नोरतन जी, श्री लल्लूलाल डायलवाल शंकरपुरा (संरक्षक), श्री रामकरण जी पठवा कुड़ली, श्री मोहनलाल पेड़वाल दतुली, श्री कैलाश जी पालिडिया, श्री रामनिवास जी सीदड़ चकवाड़ा (कोषाध्यक्ष), श्री दामोदर प्रसाद पेड़वाल, सत्यनारायण, रामलाल आसल्या, हनुमान सीलक, नारायण गोठवाल फागी, श्योजीराम गोकुलपुरा, लादूराम कठमाणिया किशोरपुरा, नाथूलाल पेड़वाल पीपला, बाबूलाल चांदमा, बाल किशन माधोराजपुरा, नाथू जी सांवली अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर मौजमाबाद, हनुमान, शंकर लाल कठमानिया चोरू आदि पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बाबूलाल नागल पूर्व विधायक, हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष, श्री वेद प्रकाश सोलंकी विधायक द्वारा उद्बोधन हुआ, जिसमें श्री वेद प्रकाश एम.एल.ए. द्वारा जांगिड धर्मशाला माधोराजपुरा के लिए 5 लाख रु. देने की घोषणा की।

श्री घनश्याम पंवार द्वारा वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सामूहिक सम्मेलनों में एक रूपता, पारदर्शिता का होना अनिवार्य बताया। हमारा समाज राज. में सा.वि. सम्मेलनों में सबसे अग्रणी है। इस अवसर पर श्रीमती नाथी देवी धर्मपत्नी स्व. श्री राम गोपाल भिरणिया चैनपुरा वालों की तरफ से श्री रूपनारायण जांगिड उनके सुपुत्र ने जांगिड ब्राह्मण धर्मशाला खेड़ापति बालाजी (माधोराजपुरा) में एक कमरे की घोषणा की।

विदाई के साथ सभी 45 नवदम्पतियों को उपहार स्वरूप एक अलमारी, फ्रीज, 6x4 का बॉक्स वाला पलंग, गद्दा, तकिए, बेडशीट, 21 बर्तनों का सेट, वर-वधु के कपड़े, सोने का एक लोकेट, 80 ग्राम चांदी की पायजेब, घड़ी, दीवार घड़ी भेंट की गई दानदाताओं द्वारा लोंग, अंगूठी, घड़ियाँ, जग आदि भी प्रदान किए गए।

मंच संचालन श्री सियाराम जांगिड कुरथल पूर्व युवा जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया। हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चों की उपस्थिति सामूहिक विवाह सम्मेलन में रही।

### तह. सभा फुलेरा श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रबंध समिति एवं श्री विश्वकर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समिति फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में विश्वकर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न

23 मई, 2019 को श्री विश्वकर्मा मन्दिर बिचून रोड़, फुलेरा में तह. सभा फुलेरा, श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रबंध समिति एवं श्री विश्वकर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समिति फुलेरा के संयुक्त तत्वावधान में आदिदेव श्री विश्वकर्मा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दो दिवसीय आयोजन किया गया।

22 मई, 2019 को 25 महिलाओं द्वारा कलश शोभा यात्रा प्रातः गांधी चौक स्थित सिंघानिया धर्मशाला से बैंडबाजे, लवाजमे के साथ हर्षोल्लास से श्री विश्वकर्मा मन्दिर पहुँची।

दोपहर को हवन-पूजा का कार्यक्रम हुआ।

23 मई, 2019 को 31 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सभी परिवार के सदस्यों ने इस शुभ कार्य में आहुतियां दी। मुख्य हवन कुण्ड के श्री हनुमान प्रसाद जी बून्दवाल यजमान रहे। अभिजीत मूर्हत 12.15 बजे आदि देव भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई तथा महाआरती हुई, जिसके मुख्य यजमान श्री कैलाश जी लोईवाल थे। इस अवसर पर रामदरबार की मूर्तियों को प्रतिष्ठापित किया गया।

दोपहर को सामाजिक सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री सोहनलाल जाला तह. अध्यक्ष फुलेरा द्वारा की गई, मुख्य अतिथि श्री कैलाश लोईवाल उद्योगपति बगरू थे। अतिथियों में श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री नन्दलाल खण्डेला अध्यक्ष प्रदेश सभा आपके द्वार, श्री सुरेन्द्र कासलीवाल उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री भगवान सहाय कड़वाणिया चुनाव अधिकारी जिला सभा, श्री हनुमान सहाय कड़वाणिया, श्री दिनेश जी कड़वाणिया, श्री रतनलाल हर्षवाल पूर्व तह.

अध्यक्ष दूदू, श्री धर्मेन्द्र पेड़वाल पूर्व अध्यक्ष विकास समिति दूदू, श्री राजेश जांगिड (गसीपुरा) कांवट, श्री रामेश्वर जी, श्री सीताराम जी मोजमाबाद, श्री शंकर लाल जी बारू अध्यक्ष विकास समिति जोबनेर, श्री मन्नालाल जी अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर जोबनेर, श्री नाथूलाल लावण्डीवाल पूर्व महामंत्री प्रदेश सभा राज., श्री सोहनलाल जाला तह. अध्यक्ष फुलेरा, श्री आर.डी. मानव एवं श्री गिरधारी लाल गैपाल पूर्व जिलाध्यक्ष नागौर, श्री सीताराम जी मौजमाबाद, श्री मोहनलाल जांगिड अध्यक्ष जां. समाज दूदू, श्री नरेन्द्र देव जांगिड कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा जयपुर, श्री जगदीश प्रसाद जांगिड (रोडवेज से.नि.) सहकोषाध्यक्ष प्रदेश सभा राज., श्री नन्दकिशोर जी हरसोलिया, श्री मूलचन्द जी आसल्या, श्री नन्दलाल जी, श्री रामजीलाल जी, श्री रमेश जी सभी गांधीधाम (गुजरात) से, श्री दधिमती आसल्या पूर्व तह. अध्यक्ष, श्री निर्मल जी कुमावत विधायक फुलेरा, श्री सर्वेश्वरदास जी महाराज, श्री गजानन्द जी एक्स.ई.एन. अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर घाट की गुणी जयपुर, श्री रोहिताश जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री भंवरलाल जी शास्त्री फुलेरा, श्री गोपाल लाल पाटोदिया जयपुर, श्री लखन लाल बाजोरा चेयरमैन पंचायत समिति फुलेरा, श्री कन्हैयालाल धामा देहदानी जयपुर, श्री मुंशीलाल जी जयपुर, रामस्वरूप जी मीषण श्री नगर, श्री सीताराम जी ए.ई.एन., श्री रामेश्वर लाल जी तेजा का बास, शेष नारायण हरसोलिया, कल्याण सहाय तह. अध्यक्ष कि. रेनवाल, गोविन्दराम गोगोरिया पूर्व अध्यक्ष रेनवाल कि., सामाजिक पत्रकारों में श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, गणपत जांगिड जांगिड केसरी, हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित हुए।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर दुपट्टा ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री सोहनलाल जाला, श्री रामेश्वर लाल मीषण, श्री गुलाब चन्द पड़वा, श्री गौरी शंकर जी, श्री घनश्याम हर्षवाल, श्री शिव प्रसाद कोतकथलिया, श्री ओमदत्त जी, श्री रामगोपाल जी खुडानिया एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री लखन शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, श्री नन्दलाल खण्डेला, श्री हरिशंकर जांगिड आदि द्वारा उद्‌बोधन हुआ, जिसमें सभी ने मन्दिर, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की सराहना की, सबने एकता का परिचय देते हुए सुन्दर कार्य किया। समाज संगठन व कार्यक्रमों में समाज बन्धु पहुँचकर समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा विचारों को गहनता से सुनना चाहिए तथा उन पर कार्य करना चाहिए। मंच संचालन श्री धर्मेन्द्र पेड़वाल दूदू द्वारा किया गया।

अन्त में श्री विश्वकर्मा मन्दिर प्रबंध समिति अध्यक्ष श्री रामेश्वरलाल जी मीषण द्वारा सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया। सभी ने प्रसादी का आनन्द लिया।

### अजमेर जिला क्रिकेट संघ के श्री नवीन कुमार जांगिड (जय श्री कंस्ट्रक्शन कम्पनी) अध्यक्ष चुने गए

14 मई, 2019 को रामलीला सामुदायिक भवन में आयोजित जिला क्रिकेट संघ अजमेर की साधारण सभा की बैठक में राजस्थान क्रिकेट संघ के सचिव श्री राजेन्द्र सिंह नांधू की उपस्थिति में श्री नवीन कुमार जांगिड जयपुर को अजमेर जिला क्रिकेट संघ का अध्यक्ष चुना गया। वहीं गुंजन शर्मा को सचिव चुना गया। निर्वाचन अधिकारी बद्रीलाल सिंघरिया द्वारा करवाए गई सभी पदों के चुनाव निर्विरोध हुए। अजमेर क्रिकेट संघ में पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों को कार्यकारिणी में अवसर प्रदान किया गया। नवीन कार्यकारिणी निम्न है:-

अध्यक्ष : नवीन शर्मा, उपाध्यक्ष : सौरभ बजाज, उपाध्यक्ष : शब्बीर खान, लोकेश शर्मा और कमल पुट्टी, सचिव : गुंजन शर्मा, कोषाध्यक्ष : डॉ. वाई.के. खन्ना, संयुक्त सचिव : काजी मुनव्वर, सागर मीणा, सुधीर सिंह रावत, जान हॉवर्ड, कार्यकारिणी सदस्य : श्री प्रदीप ब्रन्वर, महेश टाक, शराफत खान, महफूज कान, दीपेन्द्र गौड़।

संघ के निर्वाचित अध्यक्ष नवीन शर्मा ने कहा कि शीघ्र ही नए क्लबों को भी सम्बद्धता दी जाएगी और जिले में क्रिकेट का सुचारू रूप से संचालन किया जाएगा। जिलों में महिला क्रिकेटरों को बढ़ावा देने के लिए अलग से कमेटी भी बनाई जाएगी।

श्री नवीन कुमार जांगिड वर्तमान में जिला सभा जयपुर में उपाध्यक्ष के पद पर आसीन हैं। आपका ''जय श्री कंस्ट्रक्शन'' के नाम से प्रतिष्ठान है। आपको जो भी जिम्मेदारी समाज में दी जाती है उसका निर्वहन आप निष्ठा व ईमानदारी के साथ करते हैं। पूर्व में भी आप जिला सभा जयपुर द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता भी आपके सान्निध्य में ही सम्पन्न हुई थी। इस प्रकार की प्रतियोगिता जयपुर में प्रथम बार ही आयोजित की गई थी।

### जां.ब्रा. सामूहिक विवाह एवं विकास समिति माचाड़ी (अलवर) द्वारा आयोजित सम्मेलन में 6 जोड़े बने हम सफर

18 मई, 2019 को जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह एवं विकास समिति माचाड़ी, तहसील रैणी, अलवर स्थित नंगेश्वर धाम में आयोजित 15वां सामूहिक विवाह सम्मेलन में 6 जोड़े हम सफर बने।

प्रात: 11 बजे पाटन मार्ग स्थित नंगेश्वर धाम से बैण्ड-बाजों के साथ सभी दूल्हों की निकासी निकाली गई। नंगेश्वर धाम पर आचार्य पं. ओमप्रकाश जांगिड द्वारा पाणिग्रहण संस्कार वेदोक्तमंत्रोचार द्वारा करवाए गए।

प्रात: काल गणेश पूजन व विश्वकर्मा पूजन श्री गजानन्द जी जांगिड एवं श्री सुभाष जी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री महेश चन्द सहदवाल ने झण्डारोहण कर समारोह की शुरूआत की।

सामाजिक सम्मेलन समारोह के मुख्य अतिथि श्री कमलेश जांगिड थे। सम्मेलन के संस्थापक श्री जगदीश प्रसाद परवैणी, सम्मेलन प्रभारी श्री कजोड़मल जांगिड, अध्यक्ष श्री लच्छीराम जांगिड, संयोजक कन्हैयालाल जांगिड, सुभाष चन्द मलावली, खेमचन्द जी, सरपंच नरेश, रोहिताश, मंत्री बनवारी लाल, मुरारी लाल, कल्याण सहाय, हरि प्रसाद, रामावतार, ओमप्रकाश जांगिड आदि ने भी अपने विचार रखे, जिसमें बालिका शिक्षा पर जोर दिया, समाज संगठन व अधिक से अधिक समिति से जोड़कर समाज हित में कार्य करने की बात कही व विवाह सम्मेलनों की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला गया।

**मूलवास सीलवा के गौ सेवी संत पदमाराम कुलरिया जी का 80वां जन्म दिन पर 5 लाख रु. का गौशाला को अनुदान**

मूलवास सीलवा के गो सेवी संत पदमाराम कुलरिया जी का 80वां जन्म दिन पर 17 मई, 2019 को पथमेड़ा स्थित गोशाला में गो सेवार्थ सहयोग के रूप में उनके पुत्रों ने पाँच लाख रुपए का अनुदान दिया। श्री कानाराम जी, श्री शंकर जी एवं धरम जी कुलरिया ने गो माता की सेवा जैसे पुण्य कर्म से ही यह जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया। आपका कहना है कि संत पदमाराम कुलरिया सदैव गौ माता के प्रति अटूट श्रद्धा भाव रखते हैं और जरूरतमन्द 80 गौशालाओं में एक ट्रॉली चारा सेवा के रूप में प्रदान किया जाता है।

**जां.ब्रा. विवाह एवं विकास समिति तहसील राजगढ़, रैणी द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे**

18 मई, 2019 को थानागाजी ग्राम के विश्वकर्मा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में अ.भा.जां.ब्रा. सामूहिक विवाह एवं विकास समिति तहसील शाखा राजगढ़ रैणी द्वारा 15वां सामूहिक विवाह एवं सामाजिक सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 10 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे।

दोपहर को ग्राम के ठाकुर जी के मन्दिर से बैण्ड बाजों के साथ वर पक्ष की सामूहिक निकासी निकाली गई जो प्रमुख मार्गों से होते हुए संस्थान परिसर में पहुँची। वर पक्षों द्वारा तौरण की रस्म अदा की गई तथा वर-वधु पक्ष की ओर से वरमाला का कार्यक्रम हुआ। इसके उपरान्त सभी जोड़े पाणिग्रहण पाण्डाल में पहुँचे जहाँ पं. नीलेश शास्त्री एवं पं. नीलमणी शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोचार द्वारा पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न करवाया।

सामाजिक सम्मेलन हुआ, जिसमें अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। अतिथियों में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा के जिलाध्यक्ष श्री मदनलाल जांगिड, गिरिराज प्रसाद जांगिड, समिति अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जांगिड, बाबूलाल जांगिड, हीरालाल जांगिड, प्रेमनारायण प्राध्यापक, प्रहलाद जी, सुरेश जांगिड, नया गांव माचाड़ी, श्री कुन्दनलाल बेरला ब्लॉक अध्यक्ष हवामहल जयपुर।

**महेश जांगिड तहसील सभा टोंक के तहसील अध्यक्ष निर्वाचित**

21 मई, 2019 को महेश जांगिड निवासी ग्राम भरनी, टोंक यज्ञ के बालाजी मन्दिर परिसर में तहसील सभा टोंक के तहसील अध्यक्ष पद के चुनाव में 54 मतों से विजयी हुए। महेश जांगिड को 113 मत प्राप्त हुए और उन्होंने कजोड़मल जांगिड को 59 मतों से हराया। चुनाव अधिकारी रमेश चन्द, रामचरण व राकेश द्वारा श्री महेश जांगिड को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

**श्री नारायण लाल जांगिड तहसील सभा निवाई के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित**

12 मई, 2019 को जांगिड ब्राह्मण समाज के विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण में तहसील सभा निवाई के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें श्री नारायण लाल बिडोली एवं हनुमान प्रसाद जांगिड चुनाव मैदान में रहे। कुल 303 मतदाताओं में से 266 मत डाले गए। जिसमें सबसे अधिक श्री नारायण लाल जांगिड बिडोली को 73 मत अधिक प्राप्त हुए और वे तहसील सभा निवाई के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। जगदीश प्रसाद जांगिड निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुए।

इस अवसर पर रामेश्वर प्रसाद जांगिड, पूर्व सरपंच जगदीश जांगिड, कन्हैयालाल जांगिड, गिर्राज जांगिड, बद्रीलाल जांगिड, लल्लूलाल जांगिड, सुरेश चन्द जांगिड, शंकर लाल जांगिड, पूर्णमल जांगिड, हरसहाय जांगिड, किशन लाल जांगिड सहित कई समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

**गौ सेवा में जांगिड/सुथार समाज ने बनाई अपनी विशिष्ट पहचान**

गौ सेवा में जांगिड/सुथार समाज ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। भारत माता, जन्म देने वाली माँ तथा गौ माता का भारत की संस्कृति में बहुत उच्च स्थान है। गौ माता की सेवा भी नारायण सेवा जैसी है। हमारे देश में अपने समाज बन्धुओं ने भी बहुत अग्रणी रहकर गौ सेवा में अपनी महत्ती भूमिका निभाई है।

किसान रेवाराम सुपुत्र श्री मोतीराम सुथार निवासी बगतापुरा ग्राम (बड़ग्राम ग्राम पंचायत) ने दानवीरता का ऐसा उदाहरण पेश किया जो सदैव स्मरणीय रहेगा। 10 मई, 2019 को लगभग सौ गायों का एक झुण्ड पशु पालक के साथ भूखी-प्यासी गायों को लेकर भटकता हुआ बड़गांव के पास बगतापुर ग्राम में पहुँचा इन भूखी-प्यासी गायों को तड़पती हुई हालत में देखकर किसान रेवाराम ने एक हेक्टेयर में खड़ी अपनी बाजरे की लहलहाती फसल को गायों के हवाले कर दी और इन भूखी गायों को खेत में चरते हुए देखकर उसे बहुत सुकून मिला।

गत वर्ष इस क्षेत्र में बारिश बहुत ही कम न के बराबर हुई और इस वर्ष भीषण गर्मी में अकाल जैसे हालत पैदा हो गए हैं। जहाँ पर आमजन के लिए पानी की विकट समस्या हो गई, ऐसी स्थिति में पशुपालकों के लिए चारे-पानी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया था। ऐसे में दानवीर रेवाराम ने अपनी दरियादिली दिखाते हुए गौ माताओं के लिए अपने खेत के द्वार खोल प्रेरणास्वरूप अपना अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

यूँ तो अपना समाज बहुत पहले से गौ सेवा में अग्रणी रहा है। गौ सेवी संत स्व. श्री दुलाराम कुलरिया जी ने गौ सेवा में देश में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं उनके भ्राता गौ सेवी संत श्री पदमाराम कुलरिया नोखा, बीकानेर ने भी गौ सेवा में अपना जीवन लगा दिया। श्री तुलसीराम जी शर्मा से.नि. सेशन जज जयपुर द्वारा भी विगत कई वर्षों से लाखों रुपए की गौशालाओं को अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। श्री नेमीचन्द जांगिड गांधीधाम भी गौ सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे अपने समाज में बहुत से व्यक्ति/परिवार हैं जो गौ सेवा से जुड़े हुए हैं। सुबह की पहली रोटी गाय के लिए निकालते हैं, वहीं हरा चारा गायों को नियमित रूप से डाल रहे हैं।

**विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति टोंक की जिला कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति टोंक की जिला कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्षों का रविवार को विश्वकर्मा मंदिर चतुर्भुज तालाब

पुरानी टोंक पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर जांगिड ने समाज के उत्थान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को त्यागने, समाज के युवाओं को आगे आकर समाज के विकास में योगदान देने की अपील की। शपथ ग्रहण समारोह में जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड व कार्यकारिणी तथा सभी तहसील अध्यक्षों को राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मवीर जांगिड, प्रदेशाध्यक्ष सुरेश गोगोरिया, राष्ट्रीय महासचिव विनोद जांगिड, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जांगिड, दिनेश जांगिड, प्रदेश महामंत्री अशोक, जयपुर जिला उपाध्यक्ष मनोज जांगिड ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण समारोह में तहसील अध्यक्ष टोंक महेन्द्र जांगिड, निवाई अशोक कुमार पीपलू, कृष्ण कुमार जांगिड मालपुरा, सत्यनारायण जांगिड लावा, देवली राकेश कुमार, उनियारा राकेश कुमार, दूनी अशोक कुमार, महासभा अध्यक्ष तहसील टोंक महेश भरनी, दूनी परमेश्वर, पीपलू गोपाल, निवाई नारायण, उनिया रामधन, उनियारा मंदिर अध्यक्ष रमेश, अलीगढ़ मंदिर अध्यक्ष शंभू जांगिड को शपथ ग्रहण करवाई गई। वहीं जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड, महामंत्री नारायणलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामअवतार, महेन्द्र, उपाध्यक्ष शंकर लाल, बृजराज, लक्ष्मीकांत, मक्खनलाल पीपलू, संगठन मंत्री कमलेश कुमार, मुकेश कुमार, मनोरंजन, प्रेम, प्रचार मंत्री हनुमान, मुकेश, मंत्री महावीर प्रसाद, प्रमुख सलाहकार मनीष कुमार, रामबिलास, प्रदीप कुमार, संरक्षक रमेश, विष्णु, राधेश्याम, शिवजीराम, संयोजक विनोद कुमार, गिर्राज जांगिड को अतिथियों ने शपथ ग्रहण करवाई।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष टोंक श्री बाबूलाल जांगिड करेड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री कृष्णगोपाल जांगिड मालपुरा, जिला महामंत्री श्री पूरणमल जांगिड आदि कई समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

### जांगिड हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर द्वारा आयोजित श्री विश्वकर्मा मन्दिर का चतुर्थ पाटोत्सव समारोह सम्पन्न

12 मई, 2019 को जांगिड हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर एवं कार्यकारिणी के तत्वावधान में श्री विश्वकर्मा मन्दिर गुर्जर की थड़ी का चतुर्थ पाटोत्सव बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

11 मई, 2019 को प्रात: कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 100 महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा देवी नगर स्थित श्री विश्वकर्मा मन्दिर से प्रारंभ होकर श्री विश्वकर्मा मन्दिर गुर्जर की थड़ी कटेवा नगर पहुँची। श्री हनुमान सहाय कींजा अध्यक्ष जां.ह. सेवा समिति सपत्नीक मुख्य कलश पूजा करने के उपरान्त इनकी अगुवाई में महिलाओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली। कलश यात्रा के प्रारंभ में देवी नगर निवासियों द्वारा नाश्ता दिया गया। श्री नवरंग जांगिड (अजन्ता ऑप्टिशियन) द्वारा शीतल पेय की सेवाएं दी एवं श्री प्रहलाद राय जांगिड (कलेवा स्वीट्स एण्ड रेस्टोरेन्ट) द्वारा भी कलश यात्रा की महिलाएं व समाज बंधुओं को कोल्ड ड्रिंक प्रदान कर सेवा का पुनीत कार्य किया और इस प्रकार कलश यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई कटेवा नगर स्थित श्री विश्वकर्मा मन्दिर पहुँची।

प्रात: 10.15 बजे अखण्ड रामायण के पाठ प्रारंभ हुए जो 12 मई, 2019 को प्रात: 10.15 बजे पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुई।

12 मई, 2019 को शिखर ध्वज को श्री विश्वकर्मा मन्दिर कटेवा नगर से श्री चमत्कारेश्वर मन्दिर तक मुख्य यजमान के रूप में श्री राधा किशन जांगिड (मानसिंहपुरा) के सान्निध्य में गाजे बाजे के साथ समाज बन्धुओं द्वारा ले जाया गया, जहाँ उसका पूजन कर वापस कटेवा नगर मन्दिर तक आए एवं मन्दिर के शिखर पर विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज फहराया गया।

पंचामृत अभिषेक हुआ, हवन एवं पूर्णाहुति हुई, जिसमें मुख्य यजमान बतौर श्री हनुमान सहाय कींजा सपत्नीक एवं श्री राधा किशन जांगिड सपत्नीक रहे। वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा हवन एवं पूर्णाहुति हुई, जिसमें उपस्थित समाज बन्धुओं ने सपत्नीक हवन में अपनी आहूतियां प्रदान की।

सैंकड़ों दीपों द्वारा मन्दिर में महाआरती हुई, जिसमें सैंकड़ों पुरुषों एवं महिलाएं सम्मलित हुईं।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष श्री हनुमान सहाय कींजा, श्री राधाकिशन जांगिड मानसिंहपुरा, श्री चिमन लाल दैमण उपाध्यक्ष, श्री राजेश जांगिड महामंत्री, श्री रमेश जांगिड चितौड़ा कोषाध्यक्ष, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री नाथूलाल जांगिड, श्री प्रहलाद राय जांगिड, श्री हरिनारायण जांगिड पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक समिति, श्री तेज कुमार आर्टिस्ट मुख्य सलाहकार, श्री घनश्याम जांगिड रेटा एवं श्री दामोदर प्रसाद भवन व्यवस्थापक, श्री हनुमान प्रसाद पिलवाल व मंत्री, श्री धर्मेन्द्र पिलवाल आयोजन प्रभारी, श्री भगवान सहाय कींजा सह कोषाध्यक्ष, श्री आर.पी. शर्मा एवं श्री हरिराम जांगिड मीडिया प्रभारी, श्री बाबूलाल उखलाना सलाहकार, श्री घासीराम कींजा, श्री एल.पी. शास्त्री, बिरदी चन्द चितौड़, श्री रामेश्वर सीलड़, श्री सत्यनारायण बिसायती (खारसोप वाले), श्री भंवरलाल कींजा, श्री मालीराम जी, श्री गोपाल जी रेटा वाले, श्री सुरेश जांगिड कॉमर्शियल इंस्पेक्टर रेलवे, श्री रामप्रसाद जांगिड न्यू सांगानेर रोड़ सोडाला आदि अनेक समिति पदाधिकारीगण एवं समाज बंधु उपस्थित हुए।

अन्त में सभी ने प्रसादी का आनन्द लिया, जिसमें 5100 रु. छीतर जी बेगस जमुना डेयरी सोडाला वालों की ओर से सहयोग रहा, बाकि समिति खर्चे वहन करेगी।

### अ.भा.जां.ब्रा. प्रदेश सभा दिल्ली एवं समस्त शाखा संस्थाओं द्वारा अंगिरस भारती पब्लिक स्कूल का भव्य शताब्दी समारोह बांकनेर में सम्पन्न

26 मई, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा दिल्ली एवं समस्त शाखा सभाएं दिल्ली, यूथ जांगिड के तत्वावधान में अंगिरस भारती पब्लिक स्कूल का भव्य शताब्दी समारोह अंगिरस भारती पब्लिक स्कूल बांकनेर (दिल्ली) प्रांगण में आयोजित किया गया। विद्यालय को संचालित होते हुए 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। समारोह के

अतिविशिष्ठ अतिथि के रूप में माननीय श्री मनीष सिसोदिया (शिक्षा मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दिल्ली सरकार) के रूप में मंचासीन हुए। विधायक नारायण दत्त जी बदरपुर दिल्ली एवं श्री शरद कुमार चौहान विधायक नरेला भी मंचासीन हुए।

समारोह अध्यक्ष श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा एवं श्री कैलाश चन्द बरनेला पूर्व राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली। मुख्य अतिथि के रूप में श्री रामपाल शर्मा (जांगिड) प्रभारी दक्षिण महासभा एवं भामाशाह बैंग्लुरु थे। दीप प्रज्वलन श्री प्रभुदयाल शर्मा समाज सेवी एवं उद्योगपति वाराणसी द्वारा किया गया तथा झण्डारोहण श्री भंवर कुलरिया मुख्य संरक्षक महासभा व भामाशाह मुम्बई एवं श्री अमराराम जांगिड अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा दुबई द्वारा किया गया।

सम्मानित प्रदेशाध्यक्ष में श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, डॉ. शेरसिंह जांगडा प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा, श्री रमेश जी प्रदेशाध्यक्ष उत्तराखण्ड, श्री प्रभुदयाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश, श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक, श्री प्रहलाद सहाय जांगिड प्रदेशाध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री राजेश जांगिड प्रदेशाध्यक्ष तेलगाना, प्रवक्ता के रूप में श्री चन्द्रपाल भारद्वाज महामंत्री महासभा, श्री रमेश चन्द सीदड़ प्रवक्ता महासभा, श्रीमती शकुंतला जांगिड प्रिंसिपल अंगिरस भारती पब्लिक स्कूल, विशिष्ट अतिथियों में श्री लीलूराम शर्मा चेयरमैन शिरोमणी सभा, श्री पूरण चन्द शर्मा प्रधान शिरोमणी सभा, श्री श्रीराम जांगिड (रूद्रा इन्टीरियर प्रा.लि. द्वारका), श्री शंकर लाल जांगिड कोषाध्यक्ष महासभा, श्री श्रीगोपाल चोयल (अध्यक्ष शिक्षा कल्याण कोष महासभा), श्री विद्या सागर जांगिड वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री देबूराम जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री ओमप्रकाश जी ओंकार ट्रांसपोर्ट, श्री हरदयाल जी सीकर आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं साफा बंधवाकर, बैज लगाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर श्री लादूराम जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री जगदीश प्रसाद महामंत्री प्रदेश सभा दिल्ली, श्री बंकट लाल जांगिड कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा दिल्ली एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

मंच पर अंगिरस भारती पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने गणेश वन्दना के साथ बीच-बीच में सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी, जिसका सभी ने करतल ध्वनि से बालक-बालिकाओं का मनोबल बढ़ाया। प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि भी उन्हें भेंट की गई। श्री चन्द्रपाल भारद्वाज जी द्वारा विद्यालय की पृष्ठ भूमि से सभी को अवगत करवाया। मंच संचालन श्री के.डी. शर्मा (लीगल एडवाईजर महासभा) द्वारा किया गया, जिनका सहयोग श्री चन्द्रपाल भारद्वाज एवं रमेश चन्द जी सीदड़ जी ने किया। श्री रमेश चन्द सीदड़ द्वारा अंगिरस भारती पब्लिक स्कूल की सौ साल के सफर की जानकारी दी गई तथा इस स्कूल का नाम महर्षि अंगिरा जी के नाम से रखा गया, जो अथर्ववेद के रचियता है।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री व उप मुख्यमंत्री श्री सिसोदिया जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कितनी बड़ी बात है आपके समाज में इतनी जागृति शिक्षा के प्रति थी कि 100 वर्ष पूर्व शिक्षा के लिए इतनी बड़ी जमीन ली एवं स्कूल का निर्माण करवाया। आपके पूर्वजों की कितनी बड़ी सोच शिक्षा के लिए थी। मैं भी आज भी इसी बात पर अटल हूँ शिक्षा के बिना किसी भी समाज का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता। आज शिक्षा अति महत्वपूर्ण है। इसलिए मैं उन महापुरुषों की 100 वर्ष पुरानी सोच को नमन करता हूँ। दानवीर भी ऐसे हुए है, जिनकी 16 बीघा जमीन में आज यह स्कूल है। उन्होंने समाज को इतना आदर से आमंत्रित कर सम्मान करने पर भी आभार जताया।

अभी विद्यालय मात्र आठवीं कक्षा तक है तथा इसे जांगिड समाज उच्च माध्यमिक तक क्रमोन्नत करवाना चाहता है। मुण्डका में भी महासभा भवन के लिए अब लगभग 1000 गज जमीन ले ली है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा, पूर्व प्रधान श्री कैलाश चन्द्र बरनेला, श्री लादूराम जी प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली, श्री भंवर जी कुलरिया मुख्य संरक्षक महासभा, श्री अमराराम जी जांगिड अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा एवं अन्य पदाधिकारियों ने श्री मनीष सिसोदिया शिक्षा मंत्री दिल्ली सरकार को ज्ञापन दिया, जिसमें स्कूल को उच्च माध्यमिक विद्यालय तक क्रमोन्नत करने के बाबत था। सिसोदिया जी ने आश्वस्त किया कि मैं आपका हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा।

दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष श्री लादूराम जी, श्री जगदीश जी महामंत्री, श्री बंकट लाल जी कोषाध्यक्ष एवं टीम ने पूरी जिम्मेदारी को संभालकर समारोह को भव्य बनाया, जिसकी सभी ने प्रशंसा की तथा इनका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर भामाशाओं द्वारा महासभा भवन के लिए दान स्वरूप राशि देने की घोषणाएं की।

श्री रामपाल शर्मा (जांगिड) बैंग्लुरु 1.25 करोड़ (5 करोड़ पूर्व में घोषित राशि में से), श्री प्रभुदयाल जी जांगिड वाराणसी 5 लाख रुपए, श्री सुनील जी चितौड़ 5 लाख रुपए, तेलगांना प्रदेश सभा 10 लाख रुपए, श्री सतीश जांगिड नदबई 2.51 लाख रुपए, श्री शंकर लाल जांगिड जयपुर 2.51 लाख रुपए, श्री जोगेन्दर जांगिड झझर 1.51 लाख रुपए, श्री सुलतान सिंह जांगिड जयपुर 1.51 लाख रुपए, श्री सुरेन्द्र जी साध नगर दिल्ली 1.11 लाख रुपए, श्री हरिशंकर जांगिड जयपुर 1.21 लाख रुपए, श्रीमती स्नेहलता जांगिड सोनीपत 1.01 लाख रुपए, श्री नवीन जांगिड जयपुर 1.01 लाख रुपए, श्री विद्या सागर जांगिड गुड़गांव 1 लाख रुपए, शाखा सभा त्रिनगर दिल्ली 51 हजार रुपए, श्री ईश्वरदत्त जांगिड 51 हजार पुए, श्री कन्हैया लाल सीलक 51 हजार रूपए, श्री भगवान सहाय जांगिड जयपुर 21 हजार रुपए, श्री भारत भूषण एवं ऋषि प्रकाश जी बांकनेर 21 हजार रुपए, गुप्तदान 11 हजार रुपए, जीवन पार्क शाखा सभा दिल्ली 5100 रुपए, श्री हरित्त शर्मा 3100 रुपए, इसके अतिरिक्त ठेकेदार श्री देवी सिंह जी करावल नगर द्वारा पूर्व में घोषित का चैक 1.51 लाख रुपए, श्री फूल कुमार जी सोनीपत जी का पूर्व में घोषित राशि का चैक 1,11,111 रुपए, ओमप्रकाश जी ओंकार

ट्रांसपोर्ट कं. पूर्वी दिल्ली जिला द्वारा 11 लाख रुपए आदि।

इस अवसर पर हजारों की संख्या में पूरे देश से समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। महासभा प्रधान जी द्वारा आयोजकों एवं श्री लादूराम जी जांगिड प्रदेशाध्यक्ष दिल्ली को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी तथा श्री मनीष जी सिसोदिया जी का भी आभार प्रकट किया।

अंत में श्री लादूराम जी ने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया। अ.भा.जां.ब्रा. महासभा की त्रैमासिक मीटिंग श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान जी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव रखे गए तथा जहाँ पर चुनाव होने हैं वहाँ पर चुनाव करवाने के लिए कहा।

**कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति राजस्थान जिला जयपुर द्वारा विधान सभा क्षेत्र अध्यक्षों के चुनाव समिति का किया गठन**

30 मई, 2019 को कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति राजस्थान जिला जयपुर के 10 विधान सभा क्षेत्रों के अध्यक्ष चुनाव हेतु चुनाव समिति का गठन किया गया है, जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी महेश कुमार जांगिड, चुनाव अधिकारी श्री विजय कुमार शर्मा, श्री मालीराम जांगिड, घनश्याम जांगिड, चुनाव पर्यवेक्षक : श्री चान्दमल जांगिड, श्री गोपाल लाल जांगिड, श्री बृज किशोर जांगिड का चयन किया गया।

**जांगिड ब्राह्मण सेवा समिति ढेहर का बालाजी जयपुर द्वारा सोमवती अमावस्या पर खीचड़ी एवं बाटी का भोग भगवान विश्वकर्मा जी को लगाया**

3 जून, 2019 को सोमवती अमावस्या पर जां.ब्रा. सेवा समिति ढेहर के बालाजी, जयपुर द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी को खिचड़ी-बाटी का भोग लगाकर आरती एवं पूजन किया गया। सर्व प्रथम श्री विश्वकर्मा मन्दिर विश्वकर्मा इण्डस्ट्रीयल एरिया रोड नं. 2 पर स्थित मन्दिर में भोग लगाकर 51 दीपकों द्वारा सामूहिक रूप से आरती की गई।

सायं 6 बजे श्री विश्वकर्मा अतिथि गृह ढेहर का बालाजी में भोग प्रसादी अर्पित कर संगीतमयी आरती की गई।

लगभग 200 समाज बन्धुओं, माता-बहिनों की उपस्थिति रही। समिति अध्यक्ष श्री गजानन्द जांगिड (गोगोरिया) ने कार्यकारिणी को समिति द्वारा विभिन्न आयोजनों में सराहनीय सहयोग देने पर प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही समस्त उपस्थित प्रबुद्ध समाज बन्धुओं को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सायं 7 बजे संस्था के हॉल में पंगत प्रसादी में लगभग 200 बन्धुओं, माताओं, बहिनों ने खिचड़ी-बाटी प्रसादी का आनन्द लिया।

सायंकाल 8 बजे से अतिथि भवन ढेहर का बालाजी में संगीतमय भजन-संध्या का आयोजन में श्री सांवरमल जांगिड (गोठड़ीवाल) एण्ड पार्टी द्वारा सुन्दर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। सभी श्रोताओं ने भाव-विहोर होकर भजन-संध्या का आनन्द लिया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गजानन्द जी गोगोरिया द्वारा की गई। श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान, श्री चन्द दत्त जांगिड अध्यक्ष जां.ब्रा. विकास समिति दादी का फाटक, जयपुर एवं उनके पदाधिकारीगण, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा। कार्यक्रम का संचालन श्री महेन्द्र जी खुडानिया, श्री मनोज जी जांगिड एडवोकेट, श्री घीसालाल जी सिरोठिया जी द्वारा किया गया। प्रदेश सभा राज. से श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष, श्री भागीरथ जी सिहोड़ी कार्यालय मंत्री, श्री सीताराम जी टटेरा उपाध्यक्ष, श्री रामेश्वर जी टटेरा पूर्व अध्यक्ष समिति, श्री सूरजमल जी नीन्दड़ पूर्व समिति अध्यक्ष, रामस्वरूप जी, श्योनारायण जी, बनवारी जी भादरिया, श्री राम अवतार शर्मा, श्री नरेन्द्र कुमार जी, श्रीमती मंजु देवी महिला जिलाध्यक्ष जयपुर, सभी सदस्य एवं पदाधिकारीगण विश्वकर्मा जांगिड अतिथि गृह से तथा समिति के नवयुवक मण्डल के सभी सदस्यों ने व्यवस्थाओं में भरपूर सहयोग प्रदान किया गया। इनका नेतृत्व श्री राजेश जी पंवार ने किया।

कार्यक्रम के दौरान श्री गिरधारी लाल जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक द्वारा अतिथि गृह हेतु एक "वाटर कूलर" भेंट किया, जिसका अनावरण (शुभारंभ) फीता काटकर उनके सुपुत्र श्री दिनेश शर्मा जी द्वारा किया गया। समिति एवं आम जनता हेतु बाहर भी ठण्डा पानी उपलब्ध करवाया। समिति द्वारा श्री गिरधारी लाल जी एवं उनके सुपुत्र श्री दिनेश शर्मा का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

रात्रि 11 बजे सत्संग (भजन संध्या) पूर्ण होने पर आरती की गई एवं श्री गजानन्द जांगिड अध्यक्ष समिति महोदय ने सभी आगन्तुक समाज बन्धुओं को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

**-महेन्द्र कुमार शर्मा (खुडानिया)**

समिति पदाधिकारी एवं प्रदेश सभा राज. कार्यालय प्रभारी

**तहसील सभा दूनी (टोंक) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

3 जून, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा टोंक के तत्वावधान में तहसील सभा दूनी की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह श्री हनुमान मन्दिर कालानाडा प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्री जगदीश जी आंवा द्वारा की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. थे तथा विशिष्ट अतिथियों में श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा राज., श्री बाबूलाल जांगिड करेड़ा जिलाध्यक्ष टोंक, श्री शिवजी राम जी पालगंज (दूनी) संरक्षक जिला सभा टोंक, श्री भैरूलाल जी (बम्बोर) टोंक उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री पूरण जी टोंक महामंत्री जिला सभा टोंक, श्री नारायण लाल जांगिड बिड़ोली तहसील अध्यक्ष निवाई, श्री राजाराम जांगिड अखिल राजस्थान जांगिड ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष टोंक, श्री रामेश्वर जी अध्यक्ष जां. विकास समिति निवाई, श्री बद्रीलाल बिड़ोली विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति जिलाध्यक्ष टोंक, श्री जगदीश प्रसाद शर्मा सहकोषाध्यक्ष प्रदेश सभा राजस्थान, श्री लक्ष्मीनारायण सिंघवाणिया संगठन मंत्री प्रदेश सभा राज., श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, श्री रामधन जांगिड खातोला तह. अध्यक्ष उनियारा, श्री सोभाग जी पूर्व तह. अध्यक्ष

दूनी, श्री कमलेश जी टोड़ाराय सिंह, श्री कृष्ण कुमार जांगिड तह. अध्यक्ष पीपलू, श्री सत्यनारायण जी लावा, श्री कन्हैयालाल जांगिड संगठन मंत्री प्रदेश सभा, श्री राजाराम (सिलाई मशीन वाले) निवाई, श्री दिनेश जी जांगिड, श्री रमेश जी मित्रपुरा, श्री रामनिवास जी मेहन्दवास, श्री कजोड़मल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष टोंक, श्री शंकर लाल डारडा, विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के पदाधिकारियों में राकेश जांगिड, अशोक जांगिड, राकेश जांगिड, नारायण जांगिड, रामअवतार जांगिड, सागर मल जी, हनुमान प्रसाद जी, श्री रमेश जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर उनियारा, श्री शम्भु जी अध्यक्ष विश्वकर्मा मन्दिर अलीगढ़, महावीर जी अध्यापक दूनी, गोपाल जी पीपलू आदि मंचासीन हुए।

मुख्य अतिथि द्वारा विश्वकर्मा पूजन, माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का श्री परमेश्वर जी जांगिड तहसील अध्यक्ष दूनी एवं पदाधिकारियों द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

समारोह का संचालन श्री सियाराम जांगिड कुरथल पूर्व युवा जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा किया गया। इस अवसर पर खुले मंच की तरह सभी मन्दिर अध्यक्षों एवं तहसील अध्यक्षों द्वारा विचार प्रकट करने के उद्देश्य से बुलाया गया तथा सभी ने अपनी-अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष टोंक द्वारा अपनी प्रगति रिपोर्ट रखी तथा अपने कार्यकाल में जनगणना, छात्रावास को तैयार कराने व संगठन को मजबूत करने के आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य चुनाव प्रभारी राज. श्री सुरेश पिलवाल द्वारा अपने उद्‌बोधन में सभी पहलुओं पर अपने विचार रखे तथा वर्तमान में प्रदेश सभा राज. की कार्यशैली की सराहना की उन्होंने कहा प्रदेश सभा में 32 कमरे तैयार हैं, 4 गेस्ट रूम हैं। महिलाओं को आगे लाने के लिए महिला प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत कर संगठित करना, युवाओं को आगे लाने के लिए युवा प्रदेशाध्यक्ष बनाया जो कार्यशील है। न्याय परिषद का गठन किया। उन्होंने बताया हमें समाज के अन्तिम व्यक्ति तक को जोड़ना है, इस प्रकार कार्य करना है। मीटिंग आयोजित करने से पहले हमें वर्कआऊट कर लेना चाहिए तथा फिर उसको लागू करें। जनगणना सभी तहसीलों की होनी चाहिए, जिससे परिवार के बारे में, शिक्षा के क्षेत्र में, वैवाहिकी जानकारी सभी प्रकार की सूचनाएं हमें उपलब्ध होगी। कुरुतियों निवारण की बात कही। मुख्यतः मृत्युभोज और इसके लिए समिति का गठन करे। सामाजिक विवाद निवारण के लिए समिति का गठन, ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन करे, प्रतिभा सम्मान समारोह करे ताकि शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा मिले, सभी को महासभा से जुड़ना चाहिए, कोई समाज बन्धु प्रताड़ित होता है उसे रोकने के लिए कदम उठाये (संगठन द्वारा)।

श्री लखन शर्मा मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्‌बोधन में महासभा के इतिहास की जानकारी देते हुए कहा महासभा 112 वर्ष पुरानी है। आज हम यहाँ बैठे हैं 100 वर्ष पूर्व समाज के संस्थापक की अग्रणी सोच का परिचायक है। जो समय के साथ नहीं चलेगा वह पीछे ही रहेगा। आज हमें निश्चय करना है कि क्या करना है तथा किस दिशा में जाना है। आज हम लोग मंथन करते हैं किस प्रकार समाज आगे बढ़ेगा। माला, साफा से ही सम्मान थोड़े होता है। समाज बंधु यहाँ आकर कुछ पाए यही हमारा सम्मान है। बांकनेर (दिल्ली) में 100 वर्ष 16 बीघा जमीन अपने पूर्वजों ने लेकर शिक्षा की कितनी बड़ी सोच रखी। जांगिड समाज का देश को सदैव आर्थिक सहयोग रहा है। अगर हमको कुछ सकारात्मक आगे करना है तो सेल्फ कॉन्फीडेन्स रखना होगा।

भगवान विश्वकर्मा जी पर उन्होंने कहा सभी भगवान को हम मानते हैं, हमारे ईष्ट देव को हम पूर्ण रूपेण नहीं मानते हैं। सभी भगवान का हमें डर है, लेकिन विश्वकर्मा जी का डर नहीं है, इसलिए नहीं मानते हैं। आप मन्दिर जाओ, आस्था रखो, उनमें कुछ डर रखो, निश्चित रूप से आपकी मन्नत पूरी होगी। भगवान का प्रचार-प्रसार करने तथा आस्था रखने के लिए उनके नाम से सवामणी, प्रसादी, भण्डारा करें। नियमित मन्दिर जाए और कुछ अरदास भी उनसे करें। आप आगे मन्दिर या किसी भवन का निर्माण करे तो उसके कागजात पहले हाथ में ले तब निर्माण करे। कुछ समय पूर्व जयपुर में विश्वकर्मा कथा का आयोजन हुआ था उससे पूरे देश में हमारे आराध्य देव का प्रचार-प्रसार हुआ।

आपने सरकार को सबसे बड़ा भामाशाह बताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का हमें पूर्ण लाभ लेना चाहिए। अब इन योजनाओं के बारे में स्वयं भी जाने तथा दूसरों को भी अवगत कराएं। हर गुरुवार व अमावस्या को हमारे आराध्य देव को खिचड़ी एवं बाटी का भोग लगावे। जयपुर में हमने यह प्रारंभ कर दिया है। प्रतिभाओं का सम्मान मंच के माध्यम से करें ताकि उनको प्रोत्साहन मिले, जिससे वे आगे बढ़ें। गरीब व प्रतिभाओं का चयन कर उन्हें प्रशासनिक सेवाओं तक पहुँचाए।

प्रत्येक तहसील सभाओं को सामूहिक सम्मेलन में एक रूपता रखते हुए कम से कम 11 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराए और इसके लिए तहसील के बाहर से कोई फण्ड न जुटाएं।

जगदीश जी आंवा अध्यक्षीय भाषण में सभी का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद दिया।

अन्त में तह. अध्यक्ष श्री परमेश्वर जी द्वारा सभी को धन्यवाद दिया तथा कहा कि समाज बन्धुओं ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं निष्ठा व ईमानदारी से इसका निर्वहन करूंगा। मैं गत कई वर्षों से गरीब छात्रों की शिक्षा के लिए कार्य कर रहा हूँ। मैं स्वयं ऐसे बच्चों को हाथ पकड़कर ऊपर उठाने का पूर्ण प्रयास करूंगा। हम सभी समाज बन्धु एक जुट होकर (संगठित) समाज के लिए सकारात्मक कार्य करेंगे। सभी को धन्यवाद देकर अपनी वाणी को विराम दिया।

इस बीच प्रदेश सभा भवन जयपुर के लिए दानदाताओं ने आगे आकर अपना योगदान दिया। लगभग एक लाख रु. का योगदान रहा, जिसमें जिलाध्यक्ष टोंक श्री बाबूलाल जांगिड, तहसील अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी टोंक, तहसील अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकरिणी उनियारा, तहसील अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी दूनी, श्री कन्हैयालाल जांगिड संगठन मंत्री प्रदेश सभा निवाई, श्री भैरूलाल जी गिरदावर प्रदेश उपाध्यक्ष टोंक, श्री पूरण जी पूर्व तहसील अध्यक्ष टोंक,

श्री राधेश्याम जांगिड मेहन्दवास, श्री शिवजीलाल पालगंज दूनी आदि ने प्रदेश सभा भवन में सहयोग किया।

**पिंक विनायक हॉस्पिटल के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सम्पन्न**

26 मई, 2019 को धूलेश्वर गार्डन, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम स्थित पिंक विनायक हॉस्पिटल के तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ट्रोमा सेन्टर ब्लड बैंक, एस.एम.एस. हॉस्पिटल एवं डॉ. रामपाल ब्लड बैंक जयपुर के सहयोग से किया गया, जिसमें 100 यूनिट रक्तदान हुआ।

डॉ. श्री निवास जांगिड निदेशक पिंक विनायक हॉस्पिटल जी के अनुसार जयपुर में भीषण गर्मी के बावजूद भी रक्तदाताओं में अति उत्साह था, जिसके चलते कैम्प में 100 यूनिट रक्तदान हुआ। स्व. श्री बख्तावरी देवी के चतुर्थ पुण्य तिथि के पावन अवसर पर श्रद्धांजली स्वरूप यह शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में श्री जगदीश चन्द्र जांगिड विधायक सादुल शहर (श्री गंगानगर) उपस्थित हुए। आपके करकमलों से रक्तदान कर्ताओं का सम्मान स्वरूप प्रशस्ति-पत्र भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. राजेश्वरी सुथार (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड (आर.ए.एस.), श्री दीपक शर्मा ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुविद जयपुर, श्री विक्रम जांगिड (पूर्व मुख्यमंत्री आवास में कार्यरत), उद्योगपति श्री रामस्वरूप जी बगवाड़ा, श्री मुकेश जांगिड राष्ट्रीय अध्यक्ष जांगिड सेना हिन्दुस्तान, राज. प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, श्री अशोक जांगिड, श्री सुभाष जी, श्री राम जांगिड, श्री नवरंग लाल जांगिड आदि कई गणमान्य उपस्थित हुए।

**श्री विश्वकर्मा समिति ट्रस्ट जांगिड समाज वागुन्दा (राजसमन्द) द्वारा आयोजित दशम् ध्वजा समारोह सम्पन्न**

7-8 जून, 2019 को श्री विश्वकर्मा समिति ट्रस्ट, जांगिड समाज (समस्त वोराट चौखला-वागुन्दा, तहसील गढ़बोर-चारभुजा, राजसमंद) द्वारा श्री विश्वकर्मा मन्दिर में दशम् ध्वजा समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

7 जून, 2019 को सायंकाल प्रसादी का कार्यक्रम हुआ तथा रात्रि 8 बजे भजन संध्या का कार्यक्रम हुआ, जिसमें अनिल देवड़ा एण्ड पार्टी, जोधपुर तथा रेखा जांगिड एण्ड पार्टी कोटा द्वारा सुन्दर-सुन्दर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री विनय जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चों की उपस्थिति रही। यह भजन संध्या का कार्यक्रम श्री बालाजी युवा मित्र मण्डल वागुन्दा की ओर से प्रायोजित था, जिसमें सभी युवा सफेद कुर्ता व सफेद पायजमा पहने हुए अलग ही दिखाई दे रहे थे। श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान महासभा, श्री राहुल शर्मा पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री गौरीशंकर जांगिड चतरपुरा (पूर्व तह. अध्यक्ष आमेर) जयपुर, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे भी भजन संध्या में उपस्थित हुए। श्री श्री 1008 परम पूज्यनीय श्री अवधेशानन्द जी महाराज सुरजकुण्ड एवं श्री श्री 1008 महाराज महामण्डलेश्वर श्री मोवीदान जी महाराज (रोकड़िया हनुमान जी चारभुजा) के सान्निध्य में हुआ।

8 जून, 2019 को प्रातः 9 बजे नवनिर्मित विश्वकर्मा द्वार का लोकार्पण भी राष्ट्रीय प्रधान महासभा श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) एवं श्री चूनाराम जी (आई.आर.एस.) ज्वाइंट कमिश्नर अहमदाबाद के कर-कमलों द्वारा किया गया।

अतिथियों व भामाशाहों के सम्मान के लिए सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंचासीन अतिथियों में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली, श्री चूनाराम जी (आई.आर.एस.) ज्वाइंट कमिश्नर सूरत (कस्टम एण्ड सेन्ट्रल एक्साइज डिपार्टमेंट), श्री हरिपाल जी जांगिड फालना (उद्योगपति), श्री अशोक जांगिड ए.जी.एस. सोजत सीटी जिलाध्यक्ष पाली, श्री राहुल शर्मा पूर्व युवा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री घीसूलाल जी लिकड़ पूर्व जिलाध्यक्ष पाली, श्री छगन जी जालौर उपप्रधान महासभा, श्री राधेश्याम चिचावा कार्यालय मंत्री महासभा, श्री गौरीशंकर जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष आमेर, जयपुर, श्री रमेश सीदड़ प्रवक्ता महासभा, श्री ब्रह्मदत्त जी मुख्य चुनाव अधिकारी, श्री बसंत गेपाल उपप्रधान महासभा, श्री मोहन लाल लदीया, श्री महेश जी जौपालिया सभी अजमेर से, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री कालूराम जी उपाध्यक्ष चारों चौखला, श्री सुन्दर लाल जांगिड अध्यक्ष घाटा चौखला, श्री मांगीलाल जी अध्यक्ष कैलवा चौखला, श्री तुलसीराम जी जांगिड अध्यक्ष आनंद चौखला, श्री प्यारचन्द जी जांगिड अध्यक्ष राज नगर चौखला, श्री देवी लाल जी अध्यक्ष अखिल मेवाड़ चौखला, श्री रतनलाल जी श्री मेवाड़ जां.ब्रा. एज्यूकेशन ट्रस्ट सूरड़, श्री उदय लाल जी अध्यक्ष जगदीश चौखला, श्री जवाराम जी, श्रीमती संतोष जांगिड उपप्रधान महासभा पाली, श्रीमती श्यामा देवी कांकरोली, श्री बाबूलाल जी राठौड़, श्री सुन्दर लाल अध्यक्ष बड़ौदा, श्री लक्ष्मीनारायण जी अठवासिया सोजत सिटी, श्री नरेश कुमार जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ वागुन्दा, श्री जवराराम जी मंत्री महासभा, श्री किसना राम जी मंत्री, श्री प्रकाश कुमार जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री गौतम जांगिड, श्री नाना लाल जी जिलाध्यक्ष चित्तौड़गढ़, श्री हीरालाल जी मंत्री महासभा चित्तौड़, श्री छगनलाल जी उपप्रधान महासभा चित्तौड़, श्री गोपाल जी युवा जिलाध्यक्ष राजसमंद, श्री मोहनलाल जी सुपुत्र रामलाल जी भामाशाह, श्री दिनेश जी भामाशाह, हितेश सुथार-रूणी लाल जी सुथार आदि।

दिनेश सुपुत्र रामलाल जी उपप्रधान महासभा एवं श्री गौरी शंकर कासलीवाल अजमेर को राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) द्वारा उपप्रधान महासभा में नियुक्त किया गया।

सभी अतिथियों का माल्यार्पण दुपट्टा ओढ़ाकर, साफा बंधवाकर व प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री देवराज जी जांगिड अध्यक्ष एवं उपप्रधान महासभा, मंत्री श्री भंवरलाल, कोषाध्यक्ष श्री पोखर लाल जांगिड, उप कोषाध्यक्ष श्री सोहनलाल जांगिड एवं उनके पदाधिकारियों द्वारा

सम्मानित किया गया।

मंच संचालन श्री नरोत्तम जी शर्मा (पूर्व प्रधानाचार्य) एवं प्रेम कुमार जांगिड कांकरोली द्वारा किया गया।

सभी कार्यक्रम के भामाशाहों का भी सम्मान किया गया।

प्रसादी : समस्त उब्रवाल एवं भदरेचा परिवार रिछेड़, महाप्रसादी : समस्त उब्रवाल एवं भदरेचा परिवार रिछेड़, नाश्ता : भैरूलाल स्व. कैशा जी पुत्र अम्बालाल, भवानी शंकर भदरेचा नि. आत्मा, भजन संध्या : श्री बालाजी युवा मित्र मण्डल नि. वागुन्दा, टेन्ट : श्री घासीराम, श्री सोहन जी स्व. पिथाजी, किशन लाल, रामलाल, सोहनलाल स्व. श्री कालूराम जी, मांगीलाल जी स्व. बजेराम जी, देवी लाल स्व. भूराजी, सुरेश स्व. धुलजी गवालवा नि. ठिलोड़िया, लाईट : उदयलाल, डालचन्द, मोहन जी घसवा नि. मावा का गुड़ा, नरेश कुमार स्व. बाबूलाल जी घसवा नि. मावा का गुड़ा, साफा : मालवंश परिवार स्व. केशा जी नि. सेवन्त्री, स्मृति चिह्न : पुखराज, हीरालाल, रोशनलाल, शांति लाल, जगदीश पिता स्व. उदयराम जी भदरेचा, नि. साथिया की भागल, जल सौजन्य : समस्त उब्रवाल परिवार एवं भदरेचा परिवार रिछेड़, चाय-दूध : किशनलाल, रोशनलाल, बाबूलाल, स्व. देवीलाल जी टांटोणिया नि. मावा का गुड़ा, पत्तल-दोने, प्लेट, चाय व छाछ ग्लास : देवीलाल पिता मन्नालाल जी सालवंश सैवन्त्री, पत्रिका : समस्त उब्रवाल एवं भदरेचा परिवार रिछेड़, फोटोग्राफी : बद्रीलाल पुत्र स्व. श्री गंगाराम जी जांगिड बरड़वा नि. पबराणा आदि भामाशाहों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्री चुनाराम जी आई.आर.एस. द्वारा अपने उद्‌बोधन में इस पाटोत्सव के आयोजन कर्ता टीम वागुन्दा को धन्यवाद दिया। मुझे आज बहुत गर्व है इतने अच्छे कार्यक्रम में भाग ले सका तथा इस कार्यक्रम से यह भी प्रदर्शित होता है कि समाज में संगठन व अनुशासन की भावना विद्यमान है। हमारे ऊपर सदैव भगवान विश्वकर्मा जी की कृपा रही है। हम विज्ञान, ज्ञान, शिक्षा आदि में सभी दृष्टि से अग्रणी हैं। सभी समाज बंधु मेहनती होते हैं।

श्री रमेश जी सीदड़ जी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस आयोजन समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि इतने समाज बंधुओं की अनुशासनात्मक उपस्थिति यहाँ नज़र आ रही है ये तारीफ के काबिल है।

श्री रविशंकर जांगिड द्वारा उद्‌बोधन में सभी आयोजन समिति के सदस्यों को सुव्यवस्थित कार्यक्रम पर धन्यवाद दिया तथा विश्वकर्मा द्वार बनाकर आपने विश्वकर्मा के नाम का और प्रचार-प्रसार किया। मैं लगातार 5 वर्षों से आपके इस कार्यक्रम में शिरकत करता रहा हूँ। आप लोगों का स्नेह है जो मुझे यहाँ आने को प्रेरित करता है।

ठीक 12.35 बजे दशम् ध्वजा मन्दिर के शिखर पर भामाशाह द्वारा चढ़ाई गई, माहौल देखने लायक था। बाहर ढोल व ताशों के बीच महिलाओं द्वारा नृत्य किया जा रहा था, ऊपर से पुष्प व गुलाल की वर्षा हो रही थी। मन्दिर में घंटियां बज रही थी, शंखनाद हो रहा था। सारा दृश्य कवर करने के लिए ड्रोन कैमरे का स्तेमाल किया गया। मनोहर दृश्य हजारों लोगों के बीच यह पल स्मरणीय रहेगा। अन्त में सभी ने महा प्रसादी का आनन्द लिया।

**श्री विश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स द्वारा स्थापना दिवस मनाया**

3 जून, 2019 को श्री विश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स का प्रथम स्थापना दिवस, अभिनन्दन एवं सामाजिक जागरूकता समारोह का आयोजन बीकानेर में किया गया, जिसमें बीकानेर, हनुमानगढ़, गंगानगर, जोधपुर, चुरू, जैसलमेर, बाड़मेर आदि से समाज बंधुओं ने अपनी उपस्थित दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ ही प्रारंभ हुआ, सरस्वती वन्दना की गई। जैसलमेर के डांसर हरीश सुथार की दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समारोह में शिक्षा, चिकित्सा, पुलिस, पत्रकारिता, उद्योग व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का अभिनन्दन किया गया। प्रदेश प्रवक्ता श्री भोमराज सुथार ने एकता फोर्स के कार्यों पर प्रकाश डाला। एकता फोर्स द्वारा लगभग 500 यूनिट रक्तदान, गौवंश की सुरक्षा के लिए सड़क पर रेडियम पट्टी का अभियान, समाज के बंधुओं के लिए हर जिले में परीक्षा के दौरान रूकने की व्यवस्था आदि जागृति का कार्य किया। रक्षा विभाग में प्रशासनिक अधिकारी श्री पूनाराम सुथार ने हर कार्य में सकारात्मक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। शिक्षा (विचार), धन (व्यवसाय), शक्ति (राजनीति) में संतुलन ही समाज को आपस में जोड़ता है। डॉ. कैलाश सुथार ने सत्ता में भागीदारी के लिए सहयोग एवं साथ ही आवश्यकता बताई। कार्यक्रम को सुनील सुथार, वरिष्ठ पत्रकार श्री पन्नालाल नागल, शिवम बामनिया ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर रक्षा विभाग के पूनाराम सुथार, पत्रकारिता में श्री पन्नालाल नागल, उद्योग जगत में श्री भैराराम खोखा, काष्ठ कला में त्रिलोक माण्डण नोहर, अंक ज्योतिष में डॉ. कैलाश प्रज्ञ सुथार, खेलकूद में समीना सुथार गंगानगर और मदनलाल सुथार जैसलमेर, शिक्षा व साहित्य में सुनील सुथार हिसार, राजेन्द्र सुथार बीकानेर, कवि गोरधन सुथार, चिकित्सा में डॉ. अमिताभ सुथार, डॉ. जितेन्द्र नागल, डॉ. संतोष सुथार, पुलिस विभाग में रणवीर सुथार सूरतगढ़, सामाजिक सेवा में विक्रम सुथार गंगा नगर, शिवम बामणिया टीम श्री विश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स बीकानेर, संगीत में शिव बद्री सुथार, कला में बजरंग सुथार का टीम की तरफ से साफा पहनाकर और अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी जिलों से आई टीमों का भी अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन त्रिलोक सुथार व द्वारका सुथार द्वारा किया गया। समारोह में गोपाल सुथार, एडवोकेट भंवरलाल सुथार, गोपाल खोखा, जयराम सुथार, मानाराम सुथार, आनन्द सुथार, जुगल नागल, नवीन सुथार, आशु सुथार सहित सैंकड़ों समाज बंधुओं की उपस्थिति रही।

**तहसील सभा निवाई (टोंक) की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न**

7 जून, 2019 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा तहसील सभा निवाई की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह निवाई में स्टेशन रोड़ स्थित विश्वकर्मा मन्दिर प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष टोंक श्री गोपाल जी रेवाड़िया द्वारा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान थे। विशिष्ट अतिथियों में श्री बाबूलाल जांगिड करेड़ा जिलाध्यक्ष टोंक, श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव प्रभारी प्रदेश सभा राज., श्री हनुमान प्रसाद कोलाया कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री पप्पू लाल देशमा डिग्गी सम्मेलन अध्यक्ष, श्री भैरूलाल जांगिड गिरदावर उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, बद्रीलाल जांगिड बिड़ोली जिलाध्यक्ष टोंक जांगिड युवा शक्ति, श्री कृष्ण कुमार जांगिड तह. अध्यक्ष विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति पीपलू, श्री सत्यनारायण जी लावा तहसील अध्यक्ष मालपुरा, श्री महेन्द्र कुमार तहसील अध्यक्ष टोंक, श्री राकेश जी पनवाड़ तहसील अध्यक्ष देवली, श्री अशोक कुमार जी तहसील अध्यक्ष दूनी, निवाई तहसील अध्यक्ष श्री अशोक कुमार टोड़ाराय सिंह तहसील अध्यक्ष श्री कमलेश कुमार जांगिड सभी युवा शक्ति से, तहसील अध्यक्ष पीपलू (महासभा) गोपाल जांगिड तहसील अध्यक्ष निवाई श्री नारायण जी बिड़ोली, तहसील अध्यक्ष दूनी श्री परमेश्वर जांगिड देवड़ा वास, उनियारा तहसील अध्यक्ष श्री रामधन जांगिड, श्री महेश जांगिड तहसील अध्यक्ष भरनी, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष श्री सियाराम कुरथल, श्री राजाराम जांगिड अध्यक्ष जांगिड ब्राह्मण अधिकारी कर्मचारी महासभा जिला टोंक, उनियारा मन्दिर अध्यक्ष श्री रमेश चन्द जांगिड आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना, आरती करने के पश्चात् समारोह का शुभारंभ हुआ। सभी अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा पहनाकर श्री नारायण जी बिड़ोली तहसील अध्यक्ष द्वारा एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में कार्यकारी अध्यक्ष श्री जगदीश जी पूर्व सरपंच भावता, किशन टापुर कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष घनश्याम बासड़ा, महामंत्री ओमप्रकाश सेदरिया, मंत्री देवेन्द्र बड़ागांव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रामअवतार मुण्डिया, रमेश मित्रपुरा, उपाध्यक्ष रमेश सीदड़ा, कन्हैयालाल भूरटिया, शिवजीराम रणवास, सुरेश सिरोही, शंकर जी झिलाय, रामविलास चैनपुरा, मदन बिड़ोली, संगठन मंत्री गिरीराज दत्तवास, ओमप्रकाश सिरोही, हनुमान सुरया, सीताराम सूरजपुरा, श्रवण भरथल, कैलाश गुन्सी, ताराचन्द भांवती, ब्रजराज सीदड़ा, रामबाबू रणोली, प्रचार मंत्री शंकर खण्डवा, शिवदयाल खण्डवा, शंकर मुण्डिया, रामअवतार जामडोली, रामजीलाल नया गांव, सलाहकार राधेश्याम बहरोड़, सूरज वनस्थली, रामप्रसाद हनुतिया, कालू बासड़ा, राधेश्याम हरभगतपुरा, प्रवक्ता मनीश वहकवा, शंकर सेदरिया, तहसील प्रभारी दिनेश कुण्डा वाले, नारायण भुरटिया, राधेश्याम ललवाड़ी, रतन डांगरथल, संयोजक प्रहलाद जी दत्तवास, श्री मोहनलाल कारपेन्टर, राजाराम, मोहन, जगदीश हिण्डोन, महेन्द्र बासड़ा, मुकेश बिड़ोली, संरक्षक सत्यनारायण बिड़ोली, प्रहलाद सेदरिया, श्रवण भडंगपुरा, सीताराम, हरसहाय सुनारा, कैलाश हिगोटिया, गोपाल किवांड़ा, रामस्वरूप सिरोही, मोहन चैनपुरा, नंदराम दहलोद, हनुमान बहड़ आदि को श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष एवं श्री सुरेश पिलवाल मुख्य चुनाव अधिकारी एवं अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई।

इस अवसर पर श्री लखन शर्मा द्वारा समाज संगठन पर बल देते हुए कहा कि एकता से ही उन्नति सम्भव है। कुरुतियों के उन्मूलन व बालिका शिक्षा पर बल दिया। बाबूलाल जांगिड करेड़ा द्वारा सभी तहसील अध्यक्षों को अपने क्षेत्रों की जनगणना करवाने के लिए कहा। श्री सुरेश पिलवाल द्वारा भी कई विषयों पर अपने विचारों से समाज बंधुओं को अवगत करवाया। मंच संचालन श्री सियाराम कुरथल द्वारा किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष श्री नारायण जी बिड़ोली द्वारा 11000/-रु. व टोंक जिले की सभी तहसील अध्यक्षों, विश्वकर्मा युवा शक्ति द्वारा 21000/-रु. की प्रदेश सभा भवन को सहयोग प्रदान किया गया। अन्त में तहसील अध्यक्ष श्री नारायण जी द्वारा सभी का आभार प्रकट किया।

### कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति एवं जुब्लीयत अग्रि एण्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट (जीवन जोड़) की कॉन्ट्रेक्टर मीट कार्यक्रम सम्पन्न

1 जून, 2019 को होटल सफारी गोपालपुरा रोड़, जयपुर में सायं 6 बजे कारपेन्टर एसोसिएशन विकास समिति एवं जुब्लीयत अग्रि एण्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट (जीवन जोड़) की कॉन्ट्रेक्टर मीट का आयोजन किया गया। जिसमें जीवन जोड़ के पदाधिकारियों एवं कारपेन्टर एसोसिएशन के अधिकारियों के अलावा कई कॉन्ट्रेक्टर भाईयों ने इस मीट में भाग लिया।

जीवन जोड़ के अधिकारी श्री जगदीश जी लखारा, अंकुर जी, शमीम आलम जी, अशीष जी, श्रवण जी, सुनील जी द्वारा कम्पनी के विभिन्न प्रोडक्ट की जानकारियां व स्कीम प्रोजेक्ट पर लाईव डेमो दिखाकर दी गई। उन्होंने कॉन्ट्रेक्टर भाईयों के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाओं को लागू करने व उनको क्रियान्वत करने के लिए बताया। इस अवसर पर जीवन जोड़ का एक क्लब भी बनाया, जिसमें क्लब के अध्यक्ष श्री महेश कुमार जांगिड, सचिव श्री सुनील जांगिड व गोपाल लाल जांगिड को बनाया। कॉन्ट्रेक्टर भाईयों को प्रोडक्ट्स की जानकारी दी गई।

कारपेन्टर एसोसिएशन की ओर से श्री देवदत्त जांगिड जी द्वारा समिति के क्रियाकलापों की जानकारी प्रदान की और कहा कि आगामी जून माह में हमारा प्रयास होगा जयपुर शहर की 9 विधान सभा क्षेत्रों के चुनाव एसोसिएशन द्वारा कराए जाएंगे और यह भी बताया कि नए सदस्यों को 15 अगस्त तक फार्म भरे गए थे उनके सभी के कार्ड जारी कर दिए गए हैं वो सचिव श्री चेतराम जी से सम्पर्क कर प्राप्त कर लेवें। इस अवसर पर उपस्थित श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे का सम्मान भी किया गया। वहीं ऐसोसिएशन द्वारा सभी जीवन जोड़ के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। तीनों नवनिर्वाचित क्लब के अध्यक्ष एवं सचिवों का भी जीवन जोड़ के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया। इस अवसर पर कॉन्ट्रेक्टर काफी की उपस्थिति रही। सभी ने होटल में डिनर

लिया। अन्त में श्री देवदत्त जांगिड ने कम्पनी अधिकारियों व जीवन जोड़ परिवार के सदस्यों तथा सभी कॉन्ट्रेक्टर का आभार प्रकट किया।

### विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के जिलाध्यक्ष बद्रीलाल जांगिड की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

26 मई, 2019 को अति प्राचीन मन्दिर टोंक के प्रांगण में विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के टोंक जिलाध्यक्ष श्री बद्री जी बिड़ोली की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धर्मवीर जांगिड, राष्ट्रीय महासचिव श्री विनोद कुमार जांगिड, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष श्री सुरेश गोगोरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश जांगिड, प्रदेश महामंत्री अशोक कींजा, वरिष्ठ मंत्री श्री दिनेश जी देवलिया जी की उपस्थिति रही।

समारोह में अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिलाध्यक्ष टोंक श्री बाबूलाल जी करेड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री कृष्णगोपाल जांगिड, जिले की सभी तहसीलों के महासभा के निर्वाचित अध्यक्ष एवं समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष, बद्री जी एवं उनकी कार्यकारिणी सहित टोंक जिले की सभी 8 तहसीलों के तहसील अध्यक्षों को विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री धर्मवीर जी, प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री सुरेश गोगोरिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री विनोद जी जांगिड द्वारा सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बद्री जी व उनकी टीम व तहसील अध्यक्षों को विश्वकर्मा जांगिड युवा शक्ति की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

### चुनाव सूचना
### जिला सभा झालावाड़ के जिलाध्यक्ष का चुनाव 28 जुलाई, 2019 को होगा

अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राजस्थान के तत्वावधान में 25 मई, 2019 को जारी अधिसूचना के अन्तर्गत त्रैवार्षिक कार्यकाल पूर्ण होने पर झालावाड़ जिले का अध्यक्ष का चुनाव होना अपेक्षित है, जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

सदस्यता अभियान की अन्तिम तिथि 25 जून, 2019 है। नामांकन आवेदन तिथि 14 जुलाई, 2019 को प्रातः 11 बजे से 2 बजे। नामांकन पत्रों की जाँच 14 जुलाई, 2019 को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक। नामांकन वापसी 14 जुलाई, 2019 को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक। प्रत्याशियों की घोषणा 14 जुलाई, 2019 को सायं 5.15 बजे। मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो) 28 जुलाई, 2019 को प्रातः 9 बजे से 5 बजे। मतगणना एवं चुनाव परिणाम 28 जुलाई, 2019 को मतदान पश्चात्।

नोट मतदान केन्द्रों का निर्धारण नामांकन प्रक्रिया के बाद आवश्यकतानुसार निर्धारित किया जाएगा।

-सुरेश पिलवाल (मुख्य चुनाव प्रभारी)
अ.भा.जां.ब्रा. महासभा, प्रदेश सभा राज.

## वैवाहिकी

**गोपाल चन्द जांगिड** सुपुत्र श्री कैलाश चन्द जांगिड, जन्म तिथि : 30 मार्च, 1992, जन्म समय : 7.15 प्रातः, जन्म स्थान : अजमेर, शिक्षा : एम.एससी. (गणित), बी.एड., जॉब : प्राध्यापक (सरकारी स्कूल) फर्स्ट ग्रेड टीचर, गौत्र/शासन : स्वयं-हर्षवाल, माँ-माकड़, दादी-सिलग, नानी-सुलाहनिया, पता : डिवाईन जोजफ स्कूल के सामने, चौरसियावास रोड़, वैशाली नगर, अजमेर (राज.), सम्पर्क सूत्र : 9413228176, 9530208154, 8619770886 (व्हाट्सअप नम्बर)

**Anoop Sharma** S/o Shri Madan Lal Sharma (Astt. Account's Office, DOB : 14-9-1986, Birth Time : 7.00 PM, Birth Place : Jaipur, Height : 5'11", Education : B.Tech. (Computer Science), Job : Amirater Group of IT in Dubai (UAE), Salary : 1,80,000 Dhiram PA (Indian Rs. 32.40 Lacs.), Gotra/Shashan : Self-Jala, Mother-Gogoriya, Dadi-Halak, Nani-Rajotia, Address : 47, Surya Vihar, Govt. Hr. Sec. School Road, Getor, Jagatpura Road, Jaipur, Contact No. : 982981256, 9783800561 (W.A.)

**Sachin Sharma** S/o Shri S.K. Sharma (Officer in Delhi Govt.), DOB : 30-11-1989, Birth Time : 6:36 PM, Birth Place : Hapur (U.P.), Height : 5'10", Complexion : Fair, Education : B.Tech. (Electrical), Occupation : Doing Business of Cold Storage, Gotra : Bhardwaj, Address : B-2/21, Yamuna Vihar, Delhi, Contact No. : 9650291515 (Mr. S.K. Sharma), 9999289765 (Sachin Sharma)

**Harsh Sharma** S/o Shri Mahendra Kumar Sharma (Asstt. Manager Uria Production) NFL Vijaypur (M.P.), DOB : 25-5-1994, Birth Time : 12:08 AM, Birth Place : Vijaypur (M.P.), Height : 6'2", Qualification : B.E. (Civil), MBA (Marketing), Complexion : Fair, Job : Relationship Manager HDFC Bank Mumbai, Gotra/Shashan : Self-Choyal, Mother-Dahaman, Dadi-Jithawa, Nani-Fedwal, Contact Person : Sh. L.R. Jangid, A-205, Malviya Nagar, Jaipur-302017, Contact No. : 0141-2622558, Mob. : 9414074880, Note : Priority : B.E., MBA, CA, CS etc.

**Surendra Sharma** S/o Mr. Radhamohan, DOB : 12 July, 1987, Birth Time : 2:42AM, Birth Place : Swai Madhopur, Height : 5'4", Color : Fair, Education : B.E. (Hons.) in Computer Science (R.U.), LLB from IIT Kharagpur, Job : Patent Lawyer in Law Firm Remfry & Sagar Gurgarm, Registered as an Advocate, Gotra/Shashan : Self-Saanwlodiya, Mother-Khudania, Dadi-Seelak, Nani-Seedad, Add : B.D. Mandir Colony, Swai Madhopur (Raj.), Mob. : 9460778345, Email : rmsharma.adv@gmail.com